प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 354 | सोमवार 15 दिसम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 | मूल्य 1.00 रुपया

## योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को पंकज चौधरी ने सराहा

### कहा, भाजपा में न वंशवाद चलता है, न जातिवाद, केवल कार्यकर्ता सर्वोपरि



लखनऊ14 दिसम्बर (एजेंसी) उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा में न किसी व्यक्ति का वर्चस्व चलता है, न परिवारवाद और न ही जातिवाद। पार्टी में कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी ताकत है और वही बड़े से बड़े दायित्व निभाता है। इसी भरोसे के साथ जनता ने बार–बार भाजपा को आशीर्वाद दिया है। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद अपने पहले संबोधन में पंकज चौधरी ने अपने राजनीतिक संघर्षों को याद करते हुए कहा कि राजनीति में आने का उनका शौक नही था। गलत चीज बर्दाश्त न होने की वजह से ही वह राजनीति में आएं। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें मात्र 26 वर्ष की आयु में महाराजगंज से लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया। वर्ष 1991 से लेकर 2024 तक वे लगातार अपने क्षेत्र से जुड़े रहे और पार्टी व कार्यकर्ताओं के परिश्रम से सात बार सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वर्तमान में भारत सरकार में वित्त राज्य मंत्री के रूप में वे अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभा रहे हैं लेकिन प्रदेश अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी को, उन्होंने अब तक की सबसे गंभीर और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी बताया। पंकज चौधरी ने कहा कि वे 1980 से अब तक रहे 15 प्रदेश अध्यक्षों के अनुभवों से सीखेंगे और मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। उन्होंने मंच से दिवंगत पूर्व प्रदेश अध्यक्षों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। उन्होंने संगठन के चार स्तंभ कार्यकर्ता, कार्यालय, कार्यक्रम और विचार को भाजपा की रीढ़ बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के सभी चुनाव कार्यकर्ताओं के बल पर लड़े हैं। कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, ष्आप मेरे लिए सर्वोपरि हैं। मैं आपके लिए लड़ूंगा, लड़ता रहूंगा। नेतृत्व की परिभाषा स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि केवल आदेश देना नेतृत्व नहीं होता। सच्चा नेता वह है जो सबकी बात सुने, समाधान खोजे और पूरे परिवार को साथ लेकर चले। उनका उद्देश्य संगठन में संवाद और समन्वय को मजबूत करना है, ताकि कार्यकर्ताओं की बातें सरकार तक और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जनता तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई भी व्यक्ति वास्तव में कभी पूर्व नहीं होता। पूर्व सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों का अनुभव पार्टी की पूंजी है और उसका पूरा लाभ संगठन को मिलेगा। पंकज चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि 2014 के बाद भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाया है। भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और शीघ्र ही तीसरे स्थान पर पहुंचेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की छवि पूरी तरह बदली है। पहले जहां प्रदेश का नाम सुनकर लोग हिचकिचाते थे, आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश की प्रशंसा हो रही है। चंद्रयान की सफलता से लेकर प्रदेश के बुनियादी ढांचे और कानून व्यवस्था में सुधार तक, उत्तर प्रदेश विकास का मॉडल बन चुका है। अंत में उन्होंने कहा कि 1989 में पार्षद के रूप में शुरू हुआ उनका राजनीतिक सफर आज इस मुकाम तक पहुंचा है। इसमें संघ परिवार का मार्गदर्शन और समर्थन अहम रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे भाजपा संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे।

## पीएम मोदी बोले-हार्नबिल महोत्सव भारत की सांस्कृतिक समृद्धि का सशक्त प्रतीक



नयी दिल्ली 14 दिसम्बर (एजेंसी)प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव की सराहना की है और इसे भारत की सांस्कृतिक समृद्धि तथा जनजातीय विरासत की चिरस्थायी जीवंतता का सशक्त प्रतीक बताया है। पीएम मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा एक अखबार में हॉर्नबिल महोत्सव को लेकर लिखे गये लेख को साझा किया है और इसकी प्रशंसा करते हुए इसे भारत की सांस्कृतिक समृद्धि तथा जनजातीय विरासत की चिरस्थायी जीवंतता का एक शक्तिशाली प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि आज पूर्वोत्तर एक नये, आत्मविश्वासी भारत का चेहरा प्रस्तुत करता है। नागालैंड की अनूठी सांस्कृतिक पहचान की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह राज्य केवल एक महोत्सव की मेजबानी नहीं करता, बल्कि स्वयं में एक उत्सव का प्रतीक है, जो श्त्योहारों की भूमिश के गौरवशाली नाम को सही सिद्ध करता है। सिंधिया ने एक अंग्रेजी अखबार में नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव में पूर्वोत्तर की झलकियां नाम से एक लेख लिखा है, जिसे श्री मोदी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा किया है। श्री मोदी ने लिखा कि नागालैंड का हॉर्नबिल महोत्सव मानवीय भावना के विविध रंग और प्राचीन तथा आधुनिकता के अद्भुत समन्वय के रूप में चित्रित करता है। उन्होंने कहा, जब हमारा पूर्वोत्तर प्रकाशमान होगा, तभी समूचा राष्ट्र उन्नति की ऊंचाइयों को छूएगा। उल्लेखनीय है कि नागालैंड की समृद्ध संस्कृति और जीवन शैली को प्रस्तुत करने वाला यह महोत्सव नागालैंड की लड़ाकू जनजातियों का सबसे बड़ा उत्सव है। इसे श्त्योहारों का त्योहार भी कहा जाता है। इस हर साल एक से 10 दिसंबर यानी दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में मनाया जाता है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने दो साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के दोषी की दया याचिका खारिज की

नयी दिल्ली 14 दिसम्बर (एजेंसी)राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र में 2012 में दो साल की बच्ची के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के दोषी व्यक्ति की दया याचिका खारिज कर दी है।और उसने अपनी यौन भूख को शांत करने के लिए सभी प्राकृतिक, सामाजिक और कानूनी सीमाओं को तार–तार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत (जो अब प्रधान न्यायाधीश हैं) की अध्यक्षता वाली तीन–न्यायाधीशों की पीठ ने दो अनुपात एक के बहुमत से कहा कि उस व्यक्ति ने एक ऐसे जीवन को "निर्दयतापूर्वक समाप्त" कर दिया जो अभी खिलना बाकी था और दो वर्षीय बच्ची से अप्राकृतिक अपराध करने का उसका कृत्य "एक गंदी और विकृत मानसिकता को दर्शाता है, जो क्रूरता की एक भयावह कहानी को प्रदर्शित करता है"।

## वोट चोरी' के खिलाफ कांग्रेस की रैली को भाजपा ने बताया "घुसपैठियों" को बचाने की कोशिश



नयी दिल्ली 14 दिसम्बर (एजेंसी)भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने "वोट चोरी" के मुद्दे पर कांग्रेस की रैली से पहले रविवार को आरोप लगाया कि मुख्य विपक्षी दल यह कार्यक्रम इसलिए आयोजित कर रहा है ताकि "घुसपैठियों" को मतदाता सूची से हटाए जाने से "बचाया जा सके।" सत्तारूढ़ भाजपा ने दावा किया कि कांग्रेस लोगों को गुमराह करने और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने एवं बदनाम करने की अपनी कोशिश में सफल नहीं होगी, क्योंकि पूरी दुनिया जानती है कि भारत का लोकतंत्र "बहुत मजबूत" है। चुनावों में "भाजपा द्वारा" कथित "वोट चोरी" के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए कांग्रेस ने रविवार को यहां रामलीला मैदान में एक रैली का आयोजन किया है। इस रैली में पार्टी के शीर्ष नेता शामिल होंगे, जिनमें महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, के. सी. वेणुगोपाल, जयराम रमेश और सचिन पायलट शामिल हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी कार्यक्रम में शामिल हो सकती हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कार्यक्रम से पहले कहा कि कांग्रेस यह रैली ऐसे समय में कर रही है, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान चुनाव सुधारों पर हुई बहस में विपक्ष के कथित "गढ़े हुए" आरोपों का बिंदुवार खंडन करके उन्हें बेनकाब कर दिया है। पात्रा ने यहां संवाददाताओं से कहा, "यह दिखाता है कि सच आपके साथ नहीं है, फिर भी आप भ्रम का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस की यह रैली 'घुसपैठियों को बचाने की कवायद है। कांग्रेस यही कर रही है।" उन्होंने कहा, "कांग्रेस पार्टी लोगों को गुमराह करने के साथ–साथ हमारे संवैधानिक संस्थानों का अपमान करने और उन्हें बदनाम करने की चाहे जितनी कोशिश कर ले, लेकिन पूरी दुनिया जानती है कि भारत का लोकतंत्र बहुत मजबूत है और इसे हिलाया नहीं जा सकता।" भाजपा नेता ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और राहुल गांधी को चुनौती दी कि यदि उन्हें कोई अनियमितता लगती है तो वह बिहार विधानसभा चुनाव को चुनौती दें। पात्रा ने कहा, "राहुल जी, आपके पास अभी शायद 10 दिन का समय बचा है। अगर आपको बिहार विधानसभा चुनावों की किसी भी सीट पर चुनाव प्रक्रिया में कोई अनियमितता लगती है, तो आप अब भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।"

## जीओएटी इंडिया टूर 2025: महान फुटबालर मेस्सी मुंबई पहुचे



मुंबई 14 दिसम्बर (एजेंसी)महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी रविवार को 'विश्व कप स्तर' की सुरक्षा के बीच मुंबई पहुंचे। दोपहर के आसपास मुंबई पहुंचे मेस्सी के चार शहरों के 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' का यह दूसरा दिन है। विश्व कप जीतने वाली अर्जेंटीना की टीम के कप्तान मेस्सी ताज कोलाबा में थोड़ी देर आराम करने के बाद क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (ब्रेबोर्न स्टेडियम) जाएंगे जहां वह एक पैडल जीओएटी क्लब स्पर्धा में शामिल होंगे। इसके बाद वह एक सेलीब्रिटी फुटबॉल मैच में शिरकत करेंगे। इंटर मियामी टीम के अपने साथी लुई सुआरेज और रोड्रिगो डि पॉल के साथ मेस्सी के शाम पांच बजे के आसपास प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम पहुंचने की उम्मीद है। मुंबई पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है जिसमें स्थल के अंदर पानी की बोतलें, धातु की चीजें और सिक्के ले जाने पर प्रतिबंध शामिल है जबकि भीड़ पर नजर रखने के लिए 'वॉचटावर' भी लगाए गए हैं। मेस्सी के दौरे के दौरान स्टेडियम के पास भारी भीड़ की उम्मीद करते हुए पुलिस ने स्थल के अंदर और बाहर दो हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, "कोलकाता में हुई अराजकता और सुरक्षा में चूक को देखते हुए हमने ब्रेबोर्न और वानखेड़े स्टेडियम में विश्व कप स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की है।" मेस्सी शनिवार तड़के भारत पहुंचे थे लेकिन कोलकाता में दौरे का पहला चरण खराब भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा में चूक के कारण जल्द ही अराजकता में बदल गया। हालांकि हैदराबाद चरण में उनका शाम का कार्यक्रम कोलकाता की अराजकता के बिल्कुल विपरीत था जो सुचारू रूप से चला।

## 'वोट चोरी करने वाले गद्दार हैं, इन्हें सत्ता से हटाना होगा : खरगे



नयी दिल्ली 14 दिसम्बर (एजेंसी)कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि 'वोट चोरी करने वाले "गद्दार हैं और इन्हें सत्ता से हटाना होगा ताकि वोट के अधिकार और संविधान को बचाया जा सके। खरगे ने रामलीला मैदान में 'वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली में यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आरएसएस और मनुस्मृति की विचारधारा पर आगे बढ़ रहे हैं जिससे खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश को बचाना है, वोटों को सुरक्षित रखना है, संविधान को बचाना है तो लोगों को कांग्रेस एवं राहुल गांधी के साथ खड़ा होना होगा। उन्होंने दावा किया, "कांग्रेस पार्टी की विचारधारा ही देश को बचा सकती है, भागवत और मनुस्मृति की विचारधारा देश को बचाएगी नहीं, बल्कि खत्म कर देगी। इनके रास्ते पर नरेन्द्र मोदी चल रहे हैं। उनका कहना था कि हिंदुत्व के नाम पर गरीबों को फिर से गुलामी में रखने का प्रयास हो रहा है। खरगे ने दावा किया, "ये लोग (भाजपा के लोग) हमारे खिलाफ, गांधी जी, नेहरू जी और आंबेडकर जी के खिलाफ बात करते हैं। दूसरी तरफ वोट चोरी करते हैं। ये गद्दार लोग हैं। इन गद्दारों को (सत्ता से) हटाना होगा। उनका कहना था, "एक बार चुनाव हारने के बाद नरेन्द्र मोदी का नामोनिशान नहीं रहेगा, लेकिन चुनाव हारने के बाद कांग्रेस जिंदा है और लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि केरल के स्थानीय निकाय चुनाव में शानदार जीत हासिल की और राजग को कुचल दिया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने दो साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के दोषी की दया याचिका खारिज की

नयी दिल्ली 14 दिसम्बर (एजेंसी)राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र में 2012 में दो साल की बच्ची के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के दोषी व्यक्ति की दया याचिका खारिज कर दी है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति पद पर 25 जुलाई, 2022 को आसीन होने के बाद मुर्मू द्वारा खारिज की गई यह तीसरी दया याचिका है।उच्चतम न्यायालय ने तीन अक्टूबर, 2019 को रवि अशोक घुमारे को दी गई मौत की सजा को बरकरार रखते हुए कहा कि उसका अपनी 'कामुक इच्छाओं पर कोई नियंत्रण नहीं था और उसने अपनी यौन भूख को शांत करने के लिए सभी प्राकृतिक, सामाजिक और कानूनी सीमाओं को तार–तार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत (जो अब प्रधान न्यायाधीश हैं) की अध्यक्षता वाली तीन–न्यायाधीशों की पीठ ने दो अनुपात एक के बहुमत से कहा कि उस व्यक्ति ने एक ऐसे जीवन को "निर्दयतापूर्वक समाप्त" कर दिया जो अभी खिलना बाकी था।

## रामलीला मैदान में बोले राहुल-देश में सत्य और असत्य के बीच लड़ाई, 'आरएसएस सरकार' को हटाएंगे



नयी दिल्ली 14 दिसम्बर (एजेंसी)कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में सत्य और असत्य के बीच लड़ाई जारी है और उनकी पार्टी सत्य के साथ खड़े होकर 'आरएसएस सरकार' को हिंदुस्तान से हटाएगी। राहुल ने यहां रामलीला मैदान में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर काम कर रहा है। राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान का हवाला देते हुए कहा, "भागवत ने कहा कि विश्व सत्य को नहीं शक्ति को देखता है, जिसके पास शक्ति है उसे माना जाता है। यह विचारधारा आरएसएस की है। हमारी विचारधारा, हिंदुस्तान की विचारधारा, हिंदू धर्म की विचारधारा और दुनिया के सभी धर्मों की विचारधारा कहती है कि सत्य सबसे जरूरी हैं। भागवत कहते हैं कि सत्य का कोई मतलब नहीं है, सत्ता जरूरी है।' उन्होंने कहा, " सत्य और असत्य के बीच लड़ाई है। हम सत्य के साथ खड़े होकर हिंदुस्तान से नरेन्द्र मोदी, अमित शाह तथा आरएसएस सरकार को हिंदुस्तान से हटाएंगे।" भागवत ने शनिवार को अंडमान में विराट हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि वर्तमान समय में वैश्विक मान्यता को आकार देने में केवल सत्य से कहीं अधिक शक्ति का योगदान है। उन्होंने कहा था, विश्व सत्य को नहीं, शक्ति को देखता है, जिसके पास शक्ति है, उसको मानता है...भले मन से नहीं, पर मानता जरूर है। राहुल गांधी ने 2023 के निर्वाचन आयोग का हवाला देते हुए चेतावनी भरे लहजे में कहा, "कांग्रेस पार्टी आपसे (निर्वाचन आयुक्त) कहा ही है, आप हिंदुस्तान के निर्वाचन आयुक्त हो, नरेन्द्र मोदी के निर्वाचन आयुक्त नहीं हो। हम कानून बदलेंगे और आपके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।" उन्होंने दावा किया कि संसद में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान अमित शाह के हाथ कांप रहे थे। राहुल गांधी ने कहा, "हो सकता है इस सब में समय लगे, लेकिन हिंदुस्तान में सत्य की जीत होगी।" उनका कहना था, "हम सत्य और अहिंसा के साथ नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को हराकर दिखाएंगे।

## पौड़ी गढ़वाल में आदमखोर बाघ पिंजरे में कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

पौड़ी गढ़वाल 14 दिसम्बर (एजेंसी)उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के जहरीखाल प्रखंड में पिछले कई दिनों से दहशत का पर्याय बने एक आदमखोर बाघ को वन विभाग और कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की टीम ने रविवार तड़के सफलतापूर्वक बेहोशी का इंजेक्शन देकर पिंजरे में कैद कर लिया है। बाघ के पकड़े जाने के बाद अमलेशा गांव और आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों ने बड़ी राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार, जहरीखाल प्रखंड के अंतर्गत ग्रामसभा अमलेशा और आसपास के गांवों में कुछ समय से बाघ की लगातार मौजूदगी देखी जा रही थी। गत पांच दिसंबर को एक दर्दनाक घटना में इस बाघ ने ग्रामसभा अमलेशा के तोकग्राम डाल्यूंगाज में घर के पास चारा जमा कर रही 60 वर्षीय उर्मिला देवी (पत्नी राजेंद्र सिंह) पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया था और ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. दुष्यंत शर्मा के नेतृत्व में एक विशेषज्ञ टीम को क्षेत्र में भेजा गया। गांव के आसपास संभावित आवाजाही वाले स्थानों पर पिंजरा लगाया गया और निगरानी के लिए वन कर्मियों की टीमें तैनात की गई।कई दिनों की सतर्क निगरानी के बाद, विशेषज्ञ टीम को रविवार तड़के लगभग चार बजे सफलता मिली। डॉ. शर्मा ने बाघ को सफलतापूर्वक बेहोशी का इंजेक्शन ( ट्रेंकुलाइज) किया, जिसके बाद विभागीय टीम ने उसे सुरक्षित रूप से पिंजरे में कैद कर लिया। पकड़े गए बाघ को प्राथमिक जांच के बाद रेस्क्यू सेंटर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है। वहाँ उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी। बाघ के पकड़ेजाने से क्षेत्र मेंसामान्य स्थिति

## कांग्रेस का भाजपा पर बड़ा आरोप, दिल्ली के रामलीला मैदान की रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं को पहुंचने से रोकने की कर रही कोशिश



नयी दिल्ली/शिमला14 दिसम्बर (एजेंसी) हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार वोट चोर, गद्दी चोर अभियान के तहत उनके पार्टी कार्यकर्ताओं को दिल्ली के रामलीला मैदान की रैली में पहुंचने से रोकने की कोशिश कर रही है। फतेहपुर के विधायक भवानी पठानिया ने मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन के पास हिमाचल भवन के पास से सोशल मीडिया पर लाइव प्रसारण करते हुए दावा किया कि दिल्ली प्रशासन ने इलाके में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है।उन्होंने आरोप लगाया कि इन पाबंदियों का इस्तेमाल रैली में हिस्सा लेने के लिए हिमाचल प्रदेश से आए कांग्रेस नेताओंऔर कार्यकर्ताओंको हिरासत में लेने या देरी करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ष्भाजपा सरकार के चारों इंजन–केंद्र सरकार, उपराज्यपाल, दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रैलीस्थल तक पहुंचने से रोकने के लिए मिल–जुलकर काम कर रहे हैं।ष पठानिया ने लाइव प्रसारण के दौरान इलाके में पुलिस ड्यूटी के लिए खड़ी कई बसों को दिखाया और दावा किया कि उन्हें हिमाचल कांग्रेस के दल को हिरासत में लेने के लिए बुलाया गया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पाबंदियां राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं और लोकतांत्रिक विरोध को दबाने के उद्देश्य से लगाई गई हैं।कांग्रेस पार्टी ने दोहराया कि रामलीला मैदान की रैली भाजपा पर चुनावी निष्पक्षता को कमजोर करने का आरोप लगाने वाले उसके राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है ।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संवैधानिक रूप से गारंटीशुदा राजनीतिक कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं की शांतिपूर्ण भागीदारी को रोकने के लिए किसी भी प्रशासनिक उपाय का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए ।पार्टी के प्रदेश सचिव ने बताया कि लगभग आठ बसें दिल्ली जा रही हैं। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व पदाधिकारी, विधायक, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, मंत्री और पूर्व मंत्री और पूर्व सांसद और विधायक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं।

राज्य से लगभग 2200 पार्टी

# सम्पादकीय

## एआईएमआईएम बनाएगी हुमायूं कबीर के साथ मोर्चा?

हुमायूं कबीर के मुर्शिदाबाद के बेलडांगा के जिस प्लॉट पर बाबरी मस्जिद की नींव रखी गई है, वहां बीते जुम्मे को पहली नमाज में हजारों की भीड़ उमड़ी। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि नमाज बाद लोगों को दावत का इंतजाम किया गया था। करीब एक हजार लोगों के लिए खाना बनाया गया था। हजारों लोग प्रस्तावित साइट पर नमाज के लिए आए हुए थे। जुमे के नमाज का जैसे ही वक्त हुआ सैकड़ों की संख्या में लोग प्रस्तावित मस्जिद साइट पर जुटे। लाउडस्पीकर से लोगों को रास्ता बताया जा रहा था। बहरहाल वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। तृणमूल कांग्रेस से बाहर किए जाने के बाद विधायक हुमांयू कबीर और असदुद्दीन ओवैसी मिलकर मोर्चा बना रहे हैं। कबीर तो कई दिनों से यह बात कह रहे थे, लेकिन एआईएमआईएम इनकार करती आ रही थी। अब एआईएमआईएम के बंगाल प्रदेश इमरान सोलंकी ने मीडिया में इस मोर्चे की पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा है कि हम मिलकर गठबंधन करेंगे और चुनाव भी लड़ेंगे। विदित हो कि पश्चिम बंगाल में एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष इमरान सोलंकी ने मीडिया को बताया कि मेरी मुर्शिदाबाद में हुमायूं कबीर से मुलाकात हुई है। ओवैसी साहब ने भी हुमायूं कबीर से बात की है। दोनों के बीच बातचीत चल रही है। हम हुमायूं कबीर के साथ मिलकर गठबंधन बनाएंगे और चुनाव में सीटें भी शेयर करेंगे। इमरान सोलंकी ने कहा कि हम बंगाल चुनाव लड़ेंगे और मजबूती से लड़ेंगे। पिछली बार से हमारा संगठन काफी मजबूत हुआ है। ओवैसी साहब पश्चिम बंगाल को लेकर काफी एग्रेसिव हैं, एक्टिव हैं। वह बंगाल पर काफी ध्यान दे रहे हैं। ओवैसी पश्चिम बंगाल का चुनाव सक्रियता से लड़ेंगे। वह मुर्शिदाबाद में कैंप करेंगे। इमरान सोलंकी ने मीडिया को यह भी बताया कि मालदा, मुर्शिदाबाद, उत्तरी दिनाजपुर, दक्षिणी दिनाजपुर और बीरभूम में हमारा मजबूत बेस है। साउथ में कुछ जगह और कोलकाता में भी 2–3 सीटों पर हमारा असर है। वहां हम चुनाव लड़ेंगे और अपने प्रत्याशी उतारेंगे। सोलंकी ने दावा किया कि हुमायूं कबीर बहुत आसानी से जीत हासिल कर सकते हैं। एआईएमआईएम के प्रदेशाध्यक्ष का कहना था कि इस बार के चुनाव ममता बनर्जी के लिए मुश्किल भरा साबित होने वाला है। उन्होंने कहा कि एसआईआर और वक्फ बिल पर ममता ने जिस तरह से रुख पलटा है, अल्पसंख्यकों ने उस पर गौर किया है। ममता ने अल्पसंख्यकों को नजरंदाज कर दिया है। एआईएमआईएम के प्रदेश प्रमुख सोलंकी ने बंगाल में बनने वाली बाबरी मस्जिद को लेकर भी अपनी बात रखी। उनका कहना था कि बंगाल के चुनाव में बाबरी मस्जिद एक बड़ा मुद्दा बनने वाला है। इसका वोटरों पर भी असर पड़ेगा, खासकर उन इलाकों में जहां अल्पसंख्यक ज्यादा संख्या में हैं।


नफीस जाफरी

# शशि थरूर और कांग्रेस-यह रिश्ता आखिर क्या कहलाता है?


गुलफिशा खान

विदित हो कि कांग्रेस से काफी दूर और भाजपा के काफी करीब पहुंच चुके कांग्रेस सांसद शशि थरूर को पिछले दिनों एक गैर सरकारी संगठन द्वारा "वीर सावरक अवार्ड दिए जाने की जब घोषणा हुई तो शशि थरूर ने न सिर्फ इसे लेने से इंकार कर दिया, बल्कि एक तरह से अपनी नाराजगी का इजहार तक किया। ऐसे में यह लगा कि शशि थरूर कांग्रेस से चाहे जितना भी नाराज हों लेकिन पार्टी की स्थापित की गई विचारधारा से अभी पूरी तरह से नहीं भटके हैं। कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि कांग्रेस के लिए यह राहत की बात थी। लेकिन कांग्रेस अभी ठीक से सांस ही नहीं ले पाई थी कि केरल के स्थानीय निकाय के चुनाव परिणाम आने से पहले शशि थरूर ने कांग्रेस को एक और झटका दिया। विदित हो कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने संसद के मौजूदा सत्र में अपने सांसदों की एक बैठक रखी थी। बैठक में इस बात की समीक्षा होनी थी कि इस सत्र में कांग्रेस ने कैसा प्रदर्शन किया है। कांग्रेस के सांसदों की बैठक थी मगर सबकी निगाहें एक नाम पर था। सब ये देखने को आतुर थे कि बैठक में एक सांसद महोदय आते हैं या नहीं। मगर वो सांसद राहुल गांधी की इस बैठक में नहीं आए। इनका नाम है शशि थरूर जो केरल के तिरूवनंतपुरम से कांग्रेस के सांसद हैं। यह पहला मौका नहीं है जब शशि थरूर कांग्रेस की बैठक में नहीं आए हों। कई और सांसद जब पार्टी की इस तरह की बैठकों में नहीं आ पाते हैं तो वो बैठक से पहले ही पार्टी को नहीं आने के कारण बता देते हैं। थरूर भी हर बार बैठक में नहीं आने का कारण के बारे में पार्टी को सूचित कर देते हैं। अभी हाल में ही तीन बैठकों में थरूर गायब रहे। शशि थरूर बीते तीन हतों में कांग्रेस की तीन अहम बैठकों से गैर हाजिर रहे हैं। हालांकि तीनों ही बार उन्होंने पार्टी को पूर्व सूचना दे दी थी।



कांग्रेस की ओर से बुलाई गई बैठकों में कब–कब नहीं आए शशि थरूर इस पर डालते हैं एक नजर–

18 नवंबर को एसआईआर पर राहुल–खरगे की बैठक रू खराब तबीयत का कारण बता कर शशि थरूर नहीं आए। जबकि एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल हुए थे, यहां तक कि बाद में शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की तारीफ भी की थी। 30 नवंबर को संसद की रणनीति बनाने के लिए सोनिया गांधी की अध्यक्षता में स्ट्रेटेजी ग्रुप की बैठक होती है तो वे मां के साथ केरल में होने का हवाला देते है और बैठक में नहीं आते हैं। फिर इसके बाद 12 दिसंबर को लोकसभा सांसदों के साथ राहुल गांधी की एक बैठक होती है और एक बार फिर शशि थरूर केरल में होने के कारण नहीं आए। जानकारों की माने तो तकनीकी आधार पर ये सब जायज कारण माने जा सकते हैं और पार्टी उन पर कोई कार्रवाई भी नहीं कर सकती। यदि थरूर बिना बताए बैठकों में नहीं आते तो पार्टी उन्हें नहीं आने के कारण जानने के लिए नोटिस भेज सकती है। शशि थरूर पिछली बार 28 अक्टूबर को कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में केरल कांग्रेस की बैठक में नजर आए थे।

जहां तक शशि थरूर का सवाल है तो कांग्रेस सांसद शशि थरूर को जब से केन्द्र की मोदी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेश जाने वाले सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का मुखिया बना कर अमेरिका भेजा था तब से कांग्रेस उन्हें संदेह की नजर से देख रही है। मगर सबसे बड़ा सवाल है कि थरूर कांग्रेस के बैठक में नहीं जाते मगर बाकी समारोह में जाने से उन्हें परहेज नहीं होता। उनके बैठकों में ना आने, उनके सोशल मीडिया के पोस्ट या उनके अन्य बयानों पर कांग्रेस अक्सर चुप ही रहती है या कभी–कभी अपने किसी नेता से थरूर के खिलाफ बयान दिलवा देती है। मगर सबसे बड़ा सवाल ये है कि थरूर के तमाम बयानों और कांग्रेस की बैठकों का एक तरह से बहिष्कार करने के बाद पार्टी कोई कार्रवाई क्यों नहीं करती, जबकि थरूर कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ लड़ गए थे। मगर उसके बावजूद थरूर को कांग्रेस कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया था। कांग्रेस केरल की अंदरूनी राजनीति की वजह से थरूर को नहीं छेड़ना चाहती है। थरूर और के सी वेणुगोपाल एक दूसरे को पसंद नहीं करते क्योंकि वेणुगोपाल राहुल गांधी के सबसे करीबी और राहुल, खरगे के बाद सबसे बड़ी हस्ती हैं। शशि थरूर केरल में लोकप्रिय हैं और कांग्रेस उन पर कार्रवाई करके कोई जोखिम मोल नहीं लेना चाहती है। केरल में स्थानीय निकाय के चुनाव में जिस तरह से शशि थरूर के ही गढ़ तिरूवनंतपुरम में भाजपा ने अपनी जीत का पचरम लहराया उसके बाद तो कांग्रेस नहीं चाहेगी कि शशि थरूर उसके पाले से निकल जाएं। और फिर अब तो अगले साल केरल के विधानसभा का चुनाव भी होना है। थरूर केरल में कांग्रेस के तरफ से मुख्यमंत्री का चेहरा बनना चाहते हैं मगर कांग्रेस इसके लिए तैयार नहीं है यही सब कारणों से थरूर कांग्रेस को शर्मिंदा करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। कांग्रेस उन्हें पार्टी से भी नहीं निकाल रही है यदि पार्टी ने ऐसा किया तो थरूर का लोकसभा का सांसद बने रहेंगे और रोज कांग्रेस को शर्मिंदा करते रहेंगे। यही वजह है कि शशि थरूर कांग्रेस के लिए ना उगलते बन रहे हैं ना ही निगलते।

# अजित पवार के नए दांव से महायुति की एकता पर उठे सवाल


शबाब हुसैन

देश और खासतौर से महाराष्ट्र की राजनीति के भीष्म पितामाह कहे जाने वाले शरद पवार के बारे में जिस तरह से यह कहा जाता है कि उनकी राजनीति को समझ पाना हर एक के बस की बात नहीं है। फिर वह चाहे भी जितना राजनीति का माहिर खिलाड़ी क्यों न हो। अब ऐसा लगता है कि शरद पवार से बगावत कर उनसे अलग हुए उनके भतीजे और महायुति सरकार के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बारे में भी यह कहा जा सकता है कि उनकी भी राजनीति को उनके चचा की तरह समझ पाना हर एक के बस की बात नहीं है। विदित हो कि महाराष्ट्र की राजनीति में महायुति (भाजपा, शिंदे की शिवसेना, अजित पवार की एनसीपी) के भीतर एक दिलचस्प पवार प्लान सामने आया है। जहां एक तरफ जहां मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आने वाले महानगरपालिका चुनावों में अधिकांश जगहों पर एकजुट होकर लड़ने पर सहमति बना ली है, वहीं खबर है कि दूसरी तरफ, एक अन्य उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पार्टी ने महायुति को दरकिनार करते हुए एक विचित्र चुनावी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कुछ स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से अलग होकर न सिर्फ अकेले चुनाव लड़ेगी,



बल्कि कुछ चुनिंदा सीटों पर अपने चाचा शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी एनसीपी–शरदचंद्र पवार के साथ समझौता कर सकती है! कहा जा रहा है कि इस पूरे "पवार प्लान" का केंद्र पश्चिमी महाराष्ट्र है। ये क्षेत्र परंपरागत रूप से पवार परिवार का सबसे बड़ा राजनीतिक गढ़ माना जाता है, जिसमें पुणे, सतारा, सांगली, कोल्हापुर जैसे जिले शामिल हैं। खबर है कि, अजित पवार की पार्टी और शरद पवार की पार्टी, दोनों अपने–अपने राष्ट्रीय और राज्यीय गठबंधनों यानी महायुति और महाविकास अघाड़ी से अलग होकर इन चुनिंदा सीटों पर एक साथ आ सकते हैं। इस जुगलबंदी का मकसद सिर्फ और सिर्फ पवार परिवार के प्रभाव को क्षेत्र में जोड़कर रखना है। चूंकि स्थानीय निकाय चुनाव में व्यक्तिगत संबंधों और प्रभाव का सीधा जमीनी असर होता है, इसलिए दोनों पवार गुट साथ मिलकर अपनी पकड़ को मजबूत कर सकते हैं भले ही उनकी विचारधारा और राज्य स्तरीय गठबंधन अलग–अलग हों। दोनों गुटों के साथ आने से पवार परिवार के कोर वोट बैंक खासकर शुगर बेल्ट और सहकारिता क्षेत्र का विभाजन रुक जाएगा। महायुति या महाविकास अघाड़ी के जटिल सीट–बंटवारे के झगड़ें से मुक्त होकर दोनों पवार गुट स्थानीय समीकरणों के आधार पर मजबूत उम्मीदवार उतार पाएंगे।

इधर, शिंदे और भाजपा ने हाल ही में आपसी मतभेद दूर कर मिलकर लड़ने का फैसला किया है। रविंद्र चव्हाण सहित शीर्ष नेताओं की हालिया बैठकों के बाद, भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने आगामी स्थानीय निकाय चुनाव, जिसमें मुंबई और ठाणे नगर निगम चुनाव शामिल हैं महायुति के बैनर तले मिलकर लड़ने पर सहमति जताई है। सीट–बंटवारे के जटिल मुद्दों को सुलझाने और अंतिम रूप देने के लिए जल्द ही एक संयुक्त समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों से मिलकर बनेगी और इसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर तालमेल बिठाना, मतभेद सुलझाना और एक स्वीकार्य फार्मूला विकसित करना होगा, जिस पर बाद में शीर्ष नेतृत्व मुहर लगाएगा। लेकिन अजित पवार की नई चाल महायुति की एकता पर सीधा सवाल खड़ा करती है। अगर अजित पवार अपने सबसे मजबूत गढ़ में गठबंधन धर्म नहीं निभाते हैं और अपने चाचा के साथ जाते हैं तो यह सीधे तौर पर दर्शाता है कि महायुति पूरी तरह से एकजुट नहीं है। इस गठजोड़ के कारण पश्चिमी महाराष्ट्र में भाजपा के लिए अपने दम पर बढ़त बनाना मुश्किल दिखता है,अजित पवार का सहयोग जरूरी है. यदि अजित पवार विपक्षी चाचा के साथ हाथ मिलाते हैं तो पश्चिमी महाराष्ट्र में भाजपा की मुश्किलें कई गुना बढ़ जाएंगी। क्या महाराष्ट्र की राजनीति में एक नया, गुप्त राजनीतिक समीकरण जन्म ले रहा है, जो राज्य के दो सबसे बड़े गठबंधनों को भीतर से चुनौती देगा? ये स्थानीय चुनाव वो रंग दिखा रहे हैं जो विधानसभा और लोकसभा में भी नहीं दिखे!

# सवाल पूछना एक कला है और एआई के दौर में तो यह बेहद मददगार है!

आप में से कई लोगों ने अपने बच्चों से यह जरूर पूछा होगा कि क्या तुम झूठ बोल रहे हो? ऐसे में सजा के डर से बच्चा यही कहेगा कि नहीं। लेकिन अगर आप उन पैरेंट्स में से हैं, जिन्होंने बच्चे के बड़े होने तक के 18 सालों में यह सवाल सैकड़ें बार दोहराया है, तो आपने सवाल पूछने की कला नहीं सीखी है। अब मैं देख सकता हूं कि आपका मन बेचैनी और जिज्ञासा से भरा हुआ है और आप जानना चाहते हैं कि अगर बच्चों से यह नहीं तो फिर क्या कहा जाए? जरा सब्र कीजिए, बताता हूं। लेकिन उससे पहले यह कहानी सुन लीजिए। एक राजा था, जिसके पास तमाम सुख–सुविधाएं थीं, लेकिन एक बड़ा दुरूख भी था। उसका बेटा महज चार साल की उम्र में अंधा हो गया था। जहां उसका पूरा राज्य राजकुमार की आंखों की रोशनी लौटाने के उपाय खोजने में जुटा था, वहीं राजा, उसका परिवार और उसके गुरुओं ने राजकुमार को सिखाया था कि बुद्धिमानी से प्रश्न कैसे पूछे जाएं, ताकि वह विद्वानों से ज्यादा से ज्यादा ज्ञान प्राप्त कर सके। समय के साथ राजकुमार का झुकाव अध्यात्म की ओर हो गया। उसकी कठोर तपस्या के कारण एक दिन स्वयं भगवान उसके सामने प्रकट हुए और उससे कहा कि वे उसे एक वरदान दे सकते हैं। क्या आप अनुमान लगा सकते हैं राजकुमार ने भगवान से क्या मांगा होगा? आम तौर पर इंसान वही मांगता है, जो दूसरों की तुलना में उसके पास नहीं होता। इसलिए अगर आपको लगता है कि राजकुमार ने अपने लिए आंखों की रोशनी मांगी होगी, तो आप गलत हैं। उसने कहा, मैं इस राज्य में अपने परपोते तक के राज्याभिषेक को भी अपनी आंखों से देखने में सक्षम होना चाहता हूं। उसके प्रश्न पूछने के तरीके पर ध्यान दीजिए। एक ही वाक्य में उसने लंबा जीवन मांग लिया– इतना कि अपने परपोते के राज्याभिषेक तक जीवित रह सकेय उसने अपनी खोई हुई दृष्टि मांग ली, क्योंकि वह सभी राज्याभिषेक समारोहों को अपनी आंखों से देखना चाहता थाय उसने आक्रांताओं से अपने राज्य और प्रजा की सुरक्षा मांग लीय उसने अपने राज्याभिषेक, विवाह और परिवार की भी मांग कर ली और भगवान ने उसे सब दिया। चूंकि हम सब उन्हीं सवालों के उत्तर देते हुए बड़े हुए हैं, जो शिक्षकों ने हमसे पूछे थे, इसलिए बच्चों के मन में यह धारणा बन जाती है कि प्रश्न पूछना उनका काम नहीं है। नतीजतन, वे अपने पैरेंट्स की मदद से स्वयं को बेहतर उत्तर देने के लिए प्रशिक्षित करते हैं, ताकि अच्छे नतीजे पा सकें। लेकिन प्रश्न पूछना इसलिए एक कला है, क्योंकि यह सिर्फ जानकारी जुटाना ही नहीं है, बल्कि यह रणनीतिक पूछताछ का कौशल भी है। इसका उद्देश्य गहराई से चिंतन को प्रेरित करना, समझ विकसित करना और जिज्ञासा व सोच–समझकर की गई फ्रेमिंग के जरिए एक जुड़ाव पैदा करना है। यह साधारण 'क्या' से बढ़कर 'कैसे' और फिर 'अगर ऐसा हो तो क्या' जैसे प्रश्नों तक जाता है, ताकि हमें अंतर्दृष्टियां मिलें और हम अपने भीतर व दूसरों में विकास को प्रोत्सहित कर सकें। इस कला में निपुण होने के लिए सच्ची जिज्ञासा, ध्यान से सुनने की क्षमता, खुले प्रश्नों पर ध्यान देना, जजमेंट देने से बचना और गहरे मनन व अनुसंधान को संभव बनाने के लिए मौन को भी जगह देना आवश्यक है। चूंकि हम एआई के युग में रह रहे हैं, इसलिए आज सही प्रॉम्प्ट बेहद महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि वही एआई के आउटपुट की गुणवत्ता, प्रासंगिकता और सटीकता तय करता है। एक अच्छी तरह से तैयार किया गया प्रॉम्प्ट एआई के लिए स्पष्ट मैनुअल की तरह काम करता है और उसकी पूरी क्षमता को सामने लाता है। इसके उलट अस्पष्ट प्रॉम्प्ट अकसर घिसे–पिटे, अनुपयोगी और यहां तक कि गलत नतीजों तक भी ले जाता है,

# राजभर की आरएसएस

उत्तर प्रदेश की राजनीति में ओमप्रकाश राजभर पिछड़े वर्ग के नेता हैं। वह सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और योगी आदित्यनाथ की सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। दबाव की राजनीति करना उनकी फितरत में शामिल है। शेखी बघारने के लिए वह यह तक कह देते हैं कि भाजपा को उनकी जरूरत है। इस तरह की बयानबाजी से वह मीडिया में चर्चा में आ जाते हैं। इन दिनों अपनी एक सेना को लेकर चर्चा में हैं। ओम प्रकाश राजभर ने अपनी आरएसएस खड़ी कर दी है। यह आरएसएस है, राष्ट्रीय सुहेलदेव सेना। सेना केवल नाम से नहीं है, बल्कि वह बावर्दी है। कंधे पर स्टार हैं, छाती पर बैज है, बैरेट कैप लगाए सेना के जवान हाथों में स्टिक भी लिये हैं। कंधे पर सितारे उनकी रैंक के हिसाब से होंगे। सेना कमांडर, सीओ और इंस्पेक्टर पद भी है। बकौल ओम प्रकाश राजभर, गांवों के युवाओं को कौशल विकास के रास्ते पर ले जाने में यह सेना सहयोग करेगी। ओम प्रकाश राजभर भाजपा के साथ रहकर भी अपनी खिचडी अलग पकाया करते हैं। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए जब राजभर ने बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार 53 सीटों पर चुनाव लड़ा था। हालांकि राजभर की पार्टी को एक भी विधायक नहीं मिल पाया लेकिन उनके प्रत्याशी 2,04,211 वोट जुटाने में सफल रहे। बकौल ओपी राजभर हमें बहुत वोट मिले हैं। बिहार में भी हमारे दो लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं।

सुभासपा के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर कहते हैं कि पहले भी सुहेलदेव सेना बनाई गई थी, लेकिन तब लोगों को वर्दी नहीं दी गई थी। पीला गमछा और पीली टीशर्ट पहनकर लोग चल रहे थे। अब हम इन्हें आधिकारिक तौर पर लॉन्च कर रहे हैं। इन्हें वर्दी दे रहे हैं। सभी को पार्टी की तरफ से आईकार्ड जारी किए जा रहे हैं। नीली वर्दीधारी सेना के लोगों को कमांडर, सीओ, डीएसपी, एसआई और इंस्पेक्टर जैसे पदनाम दिए गए हैं। इसी ओहदे के मुताबिक कंधे पर सितारों की संख्या कम और ज्यादा होती जाएगी। अरुण कहते हैं कि हम चाहते हैं कि युवा गुमराह न हों और उनकी क्षमता का विकास करके उन्हें सही रास्ते पर ले जाया जाए, इसके लिए यह सेना काम करेगी।ओम प्रकाश राजभर कहते हैं कि गांवों में 18 से 25 साल की उम्र के तमाम युवा ऐसे हैं, जिन्हें यह ही नहीं पता कि वे आगे क्या करेंगे। हम इस सेना के माध्यम से ऐसे युवाओं को प्रशिक्षित करवाएंगे। रिटायर्ड पीसीएस, आईएएस, लेखपाल, एसआई, समेत अन्य लोगों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित करवाया जाएगा। अभी 22 जिलों में शुरुआत की गई है और इसे पूरे प्रदेश में विस्तारित किया जाएगा। सेना में एक लाख लोग शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के इस समाज सेवा के नाम पर राजनीतिक कदम की चर्चा तेज हो गई है। ओपी राजभर प्रदेश में अपनी सेना को खड़ी करने को लेकर चर्चा में आ गए हैं। उन्होंने आरएसएस का गठन किया है। हालांकि, यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के आसपास तक नहीं है लेकिन नाम से लोग भ्रमित हो सकते हैं। राजभर का संभवतः यही मकसद भी है।

उधर, सुभासपा महासचिव अरविंद राजभर ने सपा नेता आजम खान को बड़ा ऑफर दिया है। उन्होंने कहा कि आजम खान जैसे जन नेता की प्रदेश को जरूरत है और पिताजी ओमप्रकाश राजभर के स्वस्थ होने की प्रतीक्षा है। वह कहते हैं कि विधानसभा चुनाव में पूर्वांचल के माफिया ब्रजेश सिंह और धनंजय सिंह ने अगर मेरी पार्टी से टिकट मांगा, तो वह दोनों को टिकट जरूर देंगे। येनकेन–प्रकारेण यूपी की सत्ता से जुड़े रहने की बात सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर खुलकर कहते हैं।

अति महत्वाकांक्षी राजभर का जन्म 15 सितंबर 1962 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सन्नू राजभर के घर हुआ था। उन्होंने 1983 में बलदेव डिग्री कॉलेज, बडागाँव, वाराणसी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। राजभर ने 26 अप्रैल 1979 को तारामणि से विवाह किया, जिनसे उनके दो बेटे और दो बेटियाँ हैं। वे पेशे से कृषक हैं और जहूरबाद के निवासी हैं। अलग राजनीतिक दल बनाने से पहले ओमप्रकाश राजभर बहुजन समाज पार्टी में थे। वे बसपा में वाराणसी के जिला अध्यक्ष थे। उन्होंने कोलसला विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधानसभा चुनाव लड़ा, एक बार 1991 में और दूसरी बार 1996 में। 1991 में बसपा उम्मीदवार के रूप में ओमप्रकाश को 18,421 वोट मिले और वे तीसरे स्थान पर रहे। 1996 में बसपा उम्मीदवार के रूप में उन्हें 32,777 वोट मिले और वे तीसरे स्थान पर रहे। 2002 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में वे बसपा का टिकट हासिल करने में असफल रहे, जिसके बाद वे बसपा से अलग हो गए। राजभर उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा के सदस्य हैं। 2017 से वे जहूरबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और एसबीएसपी के सदस्य हैं।

19 मार्च 2017 को, राजभर योगी आदित्यनाथ सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और दिव्यांगजन विकास विभाग के मंत्री के रूप में कैबिनेट मंत्री बने। इसके बाद 20 मई 2019 को, गठबंधन विरोधी गतिविधियों के कारण राजभर को योगी



आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया। अक्टूबर 2021 में, राजभर ने घोषणा की कि उनकी पार्टी 2022 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करेगी।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन में काम करते हुए, एसबीएसपी ने यूपी में 17 सीटों पर चुनाव लड़ा और पार्टी नेता ओम प्रकाश राजभर के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 6 सीटें जीतीं। मार्च 2024 में, ओम प्रकाश राजभर उन चार मंत्रियों में से एक थे जिन्हें राज्य मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था, जिन्हें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में राजभवन में शपथ दिलाई गई थी। राजभर विवादित बयान देते रहे हैं। सन् 2022 में एक साक्षात्कार में राजभर ने कहा कि वह हिंदू नहीं हैं और एनडीए में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या राम मंदिर के निर्माण से गरीब और पिछड़े बच्चों को शिक्षा मिलेगी। उन्होंने भाजपा से मंदिरों के बजाय स्कूलों और शिक्षा पर अधिक ध्यान देने का भी आग्रह किया था। इसी प्रकार 2023 में, जब उनसे चंद्रयान–3 की चंद्रमा पर सुरक्षित लैंडिंग पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया, तो उन्होंने कहा, मैं भारतीय वैज्ञानिकों को उनके कठिन परिश्रम और शोध के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं चंद्रयान–3 की उपलब्धि पर उन्हें बधाई देता हूं। कल जब वे सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लौटेंगे, तो पूरा देश उनका स्वागत करेगा। गौरतलब है कि चंद्रयान–3 की चंद्रमा की उड़ान मानवरहित थी और इसके पृथ्वी पर लौटने की कोई योजना नहीं थी। (हिफी)

# अजूबों की समृद्ध विरासत भी है तूतनखामन के देश में

मिस्र जाना लगभग साल भर से टल रहा था। वहां जाने की सबसे बड़ी वजह तूतनखामन के मकबरे में दफन दुर्लभ वस्तुओं को देखना था। कैरो में ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम, जो लगभग 25 साल से बन रहा था, काफी देरी के बाद आखिरकार आम लोगों के लिए खुल गया। एक नवंबर 2025 को, विजिटर्स पहली बार म्यूजियम की 968,000 स्क्वेयर फीट की पूरी जगह देख पाए। यह 80,000 स्क्वेयर फीट की गैलरी है, जिसमें राजा तूतनखामन के मकबरे की सभी 5,600 दफन चीजें रखी हैं। इसकी ओपनिंग के कोई तीन हफ्ते बाद, मैं उस म्यूजियम में था। म्यूजियम के प्लान 1992 में अनाउंस किए गए थे, लेकिन निर्माण 2002 में शुरू हुआ था। आज गीजा स्थित 'ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम' दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम है। पैरिस का लूव्र म्यूजियम अब दूसरे नंबर पर आ गया। मेरे जैसे दर्शकों के लिए सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली जगह रही है, ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम। इनमें से आधे से ज्यादा चीजेंकृजिनमें मंदिर, ताबूत, सिंहासन और रथ शामिल हैं पहले कभी दिखाई नहीं गईं। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ इजिप्टोलॉजिस्ट्स के प्रेसिडेंट तारेक तौफिक ने यहां आने से पहले मेल पर बताया था, 'मेरा आइडिया था कि पूरा मकबरा दिखाया जाए, जिसका मतलब है कि स्टोरेज में कुछ भी नहीं रहेगा, दूसरे म्यूजियम में कुछ भी नहीं रहेगा, और आपको पूरा अनुभव मिलेगा, जैसा हॉवर्ड कार्टर को सौ साल पहले मिला था।' उन्होंने कार्टर का जिक्र किया, जो ब्रिटिश इजिप्टोलॉजिस्ट थे, और जिन्होंने 1922 में तूतनखामुन का सही–सलामत मकबरा खोजा था। यहां दूसरी खास बातों में एक बड़ा एट्रियम है, जिसमें रामसेस द्वितीय की 11 मीटर ऊंची मूर्ति है। उन 12 गैलरियों से गुजरने के वास्ते एक बड़ी स्वचालित सीढ़ी है, जिस पर चलते हुए मिस्र के कई राजवंशों की मूर्तियां और शिल्पकृतियों को आप निहार सकते हैं। सीढ़ी के सामने हॉल से विजिटर्स को एक विशाल पारदर्शी शीशे के पार गीजा के पिरामिड दिखते हैं। यहां पूरा दिन कम पड़ जाता है, और इस वास्ते 41 डॉलर देना अखरता नहीं। पैसा वसूल समझिये। लेकिन, इसकी खलिश रह जाती है, कि भारत ऐसा म्यूजियम क्यों नहीं बना सकता था? मिस्र के योजनाकारों की तरह 1।2 बिलियन डॉलर हम भी तो खर्च कर सकते थे। नई दिल्ली के नेशनल म्यूजियम में दो लाख से ज़्यादा आर्टिफैक्ट्स का विशाल कलेक्शन है, जो 5,000 से ज़्यादा वर्षों की विरासत को दिखाता है। इसमें आर्कियोलॉजी, आर्ट, अभिलेख, सिक्के और भी बहुत कुछ शामिल हैं, हालांकि किसी भी समय इसका छह–सात प्रतिशत ही दिखाया जाता है। गीजा के ग्रैंड म्यूजियम में इसके आधे ही पुरावशेष या शिल्पकृतियां हैं। और वह दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम है।

लेकिन, क्या कैरो में ग्रैंड म्यूजियम ही सबकुछ है? गीजा के पिरामिड और स्फिंक्स प्राचीन मिस्र के वास्तुशिल्प चमत्कार हैं, जो फिरौन के मकबरों के रूप में मृत्यु के बाद जीवन में विश्वास, शाही शक्ति और दिव्य संरक्षण का प्रतीक हैं। स्फिंक्स को पिरामिडों का रक्षक माना जाता था। शक्ति और बुद्धि का संगम। ये अलग–अलग मुखाकृतियों के साथ दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, रहस्य–रोमांच बढ़ाते हैं। किंवदंती है, कि स्फिंक्स सामने वाले से सवाल करती थी, जवाब न मिलने पर उसे खा जाती थी। कुछ लोग यह भी मानते हैं, गीजा में स्थित एक विशाल चूना पत्थर की लेटी हुई स्फिंक्स की प्रतिमा संभवतः राजा खफ्रे ( लगभग 2575–2465 ईसा पूर्व ) के शासनकाल की है, और इसमें उनका चेहरा दर्शाया गया है। लेकिन, बहुत से लोग इसे महिला का चेहरा मानते हैं। गीजा का ग्रेट स्फिंक्स विश्व की सबसे विशाल मूर्तियों में से एक है, जिसकी लंबाई लगभग 240 फीट (73 मीटर) और ऊंचाई 66 फीट (20 मीटर) है। इसमें शेर का शरीर, और मानव सिर है, जो शाही मुकुट से सुशोभित है। यह प्रतिमा चूना पत्थर के एक ही टुकड़े से तराशी गई थी। अधिकांश विद्वान ग्रेट स्फिंक्स को चौथे राजवंश का मानते हैं, और इसका स्वामित्व खफ्रे को देते हैं। मिस्र के पिरामिड को विश्व के सात अजूबों में शामिल किया गया है। मेम्फिस क्षेत्र के प्राचीन खंडहर, जिनमें गीजा, सक्कारा , दहशूर , अबू रुवैश और अबू सीर के पिरामिड शामिल हैं, को सामूहिक रूप से 1979 में यूनेस्को विश्व विरासत घोषित किया गया है। क्या आप जानते हैं कि मिस्र में 118 से ज़्यादा पिरामिड हैं? गीजा में तो सिर्फ 10 हैं। ये इमारतें, प्राचीन मिस्र के राजाओं और रानियों के लिए बड़ी कब्रों के तौर पर बनाई गई थीं,

## बाबूजी की 17 वीं पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। पूर्व विधायक ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ ललुआ के पुत्र अनिल कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू बाबू की आज 17 वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र अभिषेक गुप्ता उर्फ राजा ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अभिषेक गुप्ता ने पिताजी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूर्व विधायक ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ ललुआ बाबूजी के पौत्र अभिषेक गुप्ता उर्फ राजा अपने पिताजी की पुण्यतिथि हर वर्ष छोटे बच्चों के साथ मनाते हैं। आज भी गुड्डू बाबू जी की पुण्यतिथि पर अभिषेक गुप्ता ने छोटे बच्चों को उपहार स्वरूप ट्रॉफी बिस्कुट चॉकलेट भेंट किये। अभिषेक गुप्ता के पिताजी अनिल कुमार गुप्ता को छोटे बच्चों से बहुत अधिक लगाव था। इसीलिए अभिषेक गुप्ता हर वर्ष अपने पिताजी की पुण्यतिथि छोटे बच्चों के साथ मनाते हैं।

## पल्स पोलियो एसएनआईडी अभियान का शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। डा0 रामबदन राम मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रातः 09 बजे उपकेन्द्र मक्खनुपर ब्लॉक धनपुरा पर पल्स पोलियो एस०एन०आई०डी० अभियान का शुभारम्भ बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया जिसमे डा० केके वर्मा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा० अमित यादव चिकित्सा अधीक्षक सामु०स्वा० केन्द्र धनपुरा, डा० राजेश कुमार एसएमओ डब्लूएचओ, नवनीत कुमार शर्मा कम्पयूटर सहायक, रामू झा सीसीएच, अंकित शर्मा आईओ, अनिल शुक्ला डीएमसी यूनीसेफ, देवेन्द्र यादव जे०एस०आई०. रजत कुमार बीपीएम, सन्दीप कुमार बैम आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद में पल्स पोलियो कार्यक्रम 14 दिसंबर से बी टीम की समाप्ति तक समस्त ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में चलाया जायेगा। जनपद में पल्स पोलियों एसएनआईडी अभियान के अन्तर्गत 0–05 वर्ष तक के कुल 462951 बच्चों को पोलियों की खुराक से अच्छादित किया जायेगा, उक्त अभियान के तहत 1170 स्थाई बूथ एवं अभियान का सफल बनाने हेतु कुल 961 टीमों द्वारा कार्य किया जायेगा। प्राथमिक विद्यालय रहना पर लगे हुए पोलियो बूथ पर आशा बहन द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

## बार काउंसिल प्रत्याशी पूर्व अपर महाधिवक्ता का आगमन आज



न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर। उत्तर प्रदेश के पूर्व अपर महाधिवक्ता इलाहाबाद उच्च न्यायालय व बार काउंसिल के सदस्य पद के प्रत्याशी इमरान उल्लाह अपने समर्थकों के साथ सोमवार को दोपहर सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं से मिलकर वोट सहयोग की अपील करेंगे। अधिवक्ताओं से मिलकर उनकी समस्याओं से भी रूबरू होंगे। बार काउंसिल के प्रत्याशी इमरान उल्लाह ने जागरण को बताया कि वकीलों के हितों के लिए वे हर समय संघर्ष करने की तैयार है। प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। सोमवार को जिले में अधिवक्ता भाइयों से मिलकर वार्ता करेंगे।

## हाईवे पर युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हालत गंभीर



न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। नेशनल हाईवे पर शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। लखनऊ से अपने घर हरगांव लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान 28 वर्षीय सूरज पुत्र ज्ञान प्रकाश के रूप में हुई है, जो हरगांव थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव का निवासी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रतार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरी और सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिधौली पहुंचाया गया। जहां शनिवार रात करीब 8 बजे तक उसका इलाज चलता रहा। चिकित्सकों के अनुसार घायल की हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात वाहन की तलाश में जांच शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद एक बार फिर नेशनल हाईवे पर तेज रतार और अज्ञात वाहनों की लापरवाही सवालों के घेरे में आ गई है।

## इकदिल में 6 बूथों पर 891 बच्चों को पिलाई दो बूंद जिन्दगी की

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत नगर में 6 बूथों पर 5 वर्ष तक के 891 बच्चों को दो बूँद जिन्दगी की पिलाई गयी। नगर पंचायत बूथ पर चेयरमैन साधना दोहरे ने बच्चों को दवा पिलाकर बूथ का शुभारंभ किया। नगर के बूथ आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला कायस्थान में 128, श्री ज्ञान चंद्र इंटर कालेज में 251, नगर पंचायत कार्यालय में 119, मौलाना स्कूल में 152 डॉ. जीवाराम का मकान लुधियांत में 103, कथगवां में 138 बच्चों को बूथों पर पोलियो की दवा पिलाई गयी। पल्स पोलियो अभियान के मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. श्रीनिवास यादव ने पल्स पोलियो बूथ पर जाकर निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रवेश मिश्रा, डॉ. शिवेंद्र यादव, अनिल तोमर, आलोक मिश्रा, ब्लाक मानीटर आशीष कुमार, समाजसेवी डॉ. सुशील सम्राट, सुपरवाईजर अर्चना गुप्ता, दिलीप कुमार, किरन मिश्रा, राहुल मिश्रा, रामा देवी, शाहीन परवीन आदि उपस्थित रहे।

## सरांय भूपत में पिलाई बच्चों को पोलियो की दवा

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवन्तनगर, इटावा। ब्लॉक क्षेत्र जसवन्तनगर की बूथ संख्या 40 प्राथमिक पाठशाला जैनपुर नागर, बूथ संख्या 41 आंगनवाड़ी केंद्र सराय भूपत, बूथ संख्या 42 प्राथमिक पाठशाला बनकटी, बूथ संख्या 43 प्राथमिक पाठशाला बलैयापुर, बूथ संख्या 44 प्राथमिक पाठशाला नगला बाबा, में सेक्टर प्रभारी एवं सीएससी जवंतनगर चिकित्साधिकरी डॉ विकास के नेतृत्व में शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई गई। सरांय भूपत में प्रधान वीना यादव ने नन्हें मुन्ने बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर की शुरुआत। इस मौके पर यूनी सेफ बीएमसी इमरान सिद्दीकी, सुपरवाइजर रज्जाक खान, संगिनी व आशा .ष्णकांती, आशा साधना, रश्मि एनजीओ, आंगनवाड़ी रश्मि आदि लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस दौरान यूनीसेफ बीएमसी इमरान ने कहा कि ये पोलियों अभियान पूरे जनपद में ही नहीं पूरे भारत में चल रहा है और सरकार चाहती है कि कोई भी शून्य से लेकर पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियों की खुराक पिए रह न जाए इसलिए आज बच्चों को पोलियों बूथ पर खुराक पिलाई जा रही है, और कल से दो तीन दिन आशा, संगिनी, आंगनवाड़ी, एनजीओ सुपरवाइजर द्वारा घर घर तक पोलियों की खुराक पिलाई जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कोई भी बच्चा पोलियों की खुराक पिए बिना रह न जाए। कोई भी बच्चा छूटा समझो हमारा मिशन अधूरा।

## दूध डेयरी संचालक की सरेआम गोली मारकर हत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। सिधौली थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। महमूदाबाद चौराहे के पास अज्ञात, नामजद हमलावरों ने दूध डेयरी संचालक को बेहद नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है जबकि परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की पहचान 25 वर्षीय राहुल यादव पुत्र शिवप्रकाश उर्फ डब्बू के रूप में हुई है। राहुल ग्राम सदरापुर (हरदेईया) का निवासी था और सिधौली के महमूदाबाद चौराहे पर काव्या डेयरी के नाम से दूध की दुकान चलाता था। जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 10 से 12 बजे के बीच राहुल रोज की तरह दुकान बंद कर बाइक से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह हरदेईया रोड पर कुछ दूर आगे बढ़ा, पहले से घात लगाए हमलावरों ने उसे निशाना बना लिया। आरोप है कि हमलावरों ने बेहद करीब से राहुल के सिर में गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़ा। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े। स्थानीय लोगों की मदद से राहुल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिधौली ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान रविवार सुबह राहुल यादव ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव व पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जता रहे हैं। सूचना मिलते ही सिधौली कोतवाली पुलिस के साथ उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह ने बताया कि घटना की गहनता से जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही मामले का खुलासा कर गिरतारी की जाएगी। दिनदहाड़े देर रात हुई इस सनसनीखेज हत्या ने कानून–व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## सीएम सामूहिक विवाह में 59 जोड़ों का धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हुआ विवाह




न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद के नगरीय निकाय (नगर पंचाचत फरिहा) एवं विकास खण्ड टूण्डला, नारखी के चिन्हित पात्र जोड़ों के विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत केपी सिंह मैरिज होम सिकरारी एटा रोड़ टूण्डला में सम्पन्न हुये। जिसमें नगर पंचायत फरिहा के 04, विकास खण्ड टूण्डला के 20, विकास खण्ड नारखी के 35 इस प्रकार कुल 59 जोड़ें उपस्थित हुये। जिनमें 48 हिन्दू जोडे एवं 11 मुस्लिम जोडे इस प्रकार कुल 59 जोड़ों के विवाह उनके धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सम्पन्न कराये गये। उक्त के कार्यक्रम में सम्मिलित हुये जोड़ों को क्रमशः 05 साडी ब्लाउज सहित, 05 पेटीकोट, चुनरी, पैन्ट का कपडा, शर्ट का कपडा, फेंटा गमछा, चाँदी की पायल (एक जोडी), चॉदी की बिछिया (एक जोडी), स्टील डिनर सैट, प्रेषर कुकर, कढाई, ट्रॉलीबैग, वैनिटी किट, दीवार घडी, सीलिंग फेन, कूल केज, आयरन प्रेस, डबल बेड चादर, 02 पिलो कवर, कम्बल–02, गद्दा मैट्रेस–02, तकिया–02 नग, सिन्होरा, चूडी, कंगन, ड्राईफ्रूट्स, मिष्ठान, आदि वैवाहिक सामग्री प्रदान की गयी। कार्यक्रम में शिवशंकर शर्मा विधान सभा संयोजक भाजपा, अनन्त प्रताप सिंह प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष भाजपा, अवधेश प्रताप सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी माननीयों द्वारा सरकार की तरफ से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुए वर–वृधू को नये दाम्पत्य जीवन की शुरूआत करने लिए के मंगल कामनाओं सहित शुभकामनाऐं प्रदान की गयी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त राजमती जिला समाज कल्याण अधिकारी, केएम सिंह जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, प्रभात रंजन खण्ड विकास अधिकारी टूण्डला एवं सम्बन्धित नगरीय निकाय के अधिकारी तथा समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही। मंच का संचालन प्रेमस्वरूप पारस द्वारा किया गया।

## लोक अदालत में 78 हजार से अधिक वादों का निस्तारण

### - मोटर दुर्घटना के 133 वादों में पांच करोड़ 62 लाख 81 हजार 505 रुपये प्रतिकर दिलाया



न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज शिव कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में सिविल कोर्ट, तहसील कोर्ट व मोटर दुर्घटना प्राधिकरण बैंक आदि की सहभागिता से 78 हजार से अधिक वादों का निस्तारण किया गया। जिला जज शिव कुमार सिंह, नोडल अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, सचिव, एडीजे वीरेंद्र नाथ पाण्डेय ने लोक अदालत का निरीक्षण किया। मोटर दुर्घटना प्राधिकरण प्रधान न्यायाधीश डा कपिला राघव ने 133 वादों में पांच करोड़, 62 लाख 81 हजार 505 रुपये प्रतिकर दिलाया। जिला जज शिव कुमार सिंह ने चार वाद निस्तारित किए। एडीजे द्वितीय राजेश्वरी टोलियां ने पांच वाद, विशेष न्यायधीश मनोज सिंह ने बिजली एक्ट के 292 वाद, एडीजे पाक्सो गुलाम मुस्तफा ने छह वाद, एडीजे पंचम देवेंद्र नाथ सिंह ने एक, एडीजे षष्टम अभिषेक श्रीवास्तव ने सात वाद, एडीजे विष्णु देव सिंह ने 26 वाद, एडीजे एफटीसी पूनम सिंह दो वाद, एडीजे एफटीसी न्यू भुलेराम ने तीन वाद व एडीजे नूरी अंसार ने तीन निस्तारित किये। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश भगवान दयाल भारती ने 72 वाद, प्रथम अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार राहुल आनन्द ने 86 वाद निस्तारित किये। सीजेएम प्रमोद यादव ने सर्वाधिक 3820 से अधिक वाद, सिविल जज सीनियर डिवीजन योगेश यादव ने तीन दीवानी व उत्तराधिकार के 10 वाद, निस्तारित कर एक करोड़, 25 लाख 92 हजार 141 रुपए की धनराशि दिलाई। अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन किरन गोंड ने 519 वाद निस्तारित किए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 154146 वादों का किया निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा–निर्देशन में शनिवार को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ इलाहाबाद के प्रशासनिक न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करते हुए किया। साथ ही इस दौरान उन्होंने पुरुष व महिला बंदीगृह का लोकार्पण किया और उसके उपरांत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अतुल चौधरी ने किया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह ने उपस्थित समस्त वादकारियों एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि, लोक अदालत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि, इसमें समाधान केवल कानूनी .ष्टिकोण से नहीं, बल्कि आपसी समझ और विश्वास के आधार पर होता है। जो, लंबे समय तक टिकाऊ और व्यवहारिक रहता है।न्यायालय का उद्देश्य केवल वादों का निस्तारण करना नहीं, बल्कि समाज में शांति और समरसता स्थापित करना भी है। लोक अदालत के माध्यम से पक्षकार न केवल समय और धन की बचत कर पाते हैं बल्कि आपसी रिश्तों को भी संजोकर रखते हैं। उन्होंने कहा कि, ऐसे प्रयास जनता के मन में न्यायपालिका के प्रति गहरा विश्वास उत्पन्न करते हैं और न्याय व्यवस्था की आत्मा को सशक्त बनाते हैं। जनपद न्यायाधीश डा. बब्बू सारंग ने अपने कहा कि, राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय तक पहुंच का एक सशक्त, सरल और प्रभावी माध्यम है। लोक अदालतों के माध्यम से विवादों का निस्तारण केवल त्वरित और सहज ढंग से ही नहीं होता, बल्कि यह पक्षकारों के बीच आपसी संवाद और सौहार्द को भी प्रोत्साहित करता है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए उन्होंने सभी अधिकारियों अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। साथ ही आशा व्यक्त की कि, लोक अदालत की यह परंपरा समाज में न्याय और सौहार्द का आधार बनती रहेगी। प्राधिकरण सचिव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुल चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य विवादों को आपसी सहमति और समझौते के आधार पर हल करना है ताकि, पक्षकार लम्बी और जटिल न्यायिक प्रक्रिया से बच सकें। साथ ही यह भी बताया कि, इस लोक अदालत में परिवार से जुड़े मामले, बैंक ऋण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बिजली एवं पानी के बिल सहित अनेक प्रकार के वादों का निस्तारण किया गया है। साथ ही जनता से यह अपील की कि, वे आगे भी इस प्रकार की लोक अदालतों का अधिकाधिक लाभ उठाएं और अपने विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाएं। अंत में उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया जिनके प्रयासों से यह लोक अदालत सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा. बब्बू सारंग, जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पीठासीन अधिकारी महेन्द्र सिंह मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अरविन्द कुमार सिंह–।।, जिलाधिकारी रमेश रंजन, पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी एवं बार के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। समझौता राशि कुल मु 131105717 रू. है। इनमें से मुख्यतः जनपद न्यायालय द्वारा 13192 वाद, परिवार न्यायालयों द्वारा 116 वाद, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा 71 वादों का निस्तारण किया गया जिसकी समझौता राशि मु 33016000 रूपए है। राजस्व न्यायालय द्वारा 51971 वाद, बैंक द्वारा वसूली योग्य 1573 वादों में 96100000 रूपए की धनराशि का सेटलमेंट किया गया। अन्य विभागों द्वारा 87410 वाद निस्तारित किए गए। जनपद न्यायालय न्यायिक अधिकारीगण में डा. बब्बू सारंग जनपद न्यायाधीश द्वारा 01 वाद, सुनील कुमार सिंह–।। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं1 द्वारा 01 वाद, नवनीत कुमार गिरी स्पेशल जज एस.सी., एस. टी. एक्ट द्वारा 03 वाद, मुमताज अली स्पेशल जज पोक्सो एक्ट द्वारा 02 वाद, सर्वेश कुमार पाण्डेय–।। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं 2 द्वारा 03 वाद, साक्षी शर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं 4 फिरोजाबाद द्वारा 706 वाद, अर्चना गुप्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं 9 फिरोजाबाद द्वारा 03 वाद, ओमवीर सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं 10 फिरोजाबाद द्वारा 01 वाद, रमेश चन्द्र अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं 8 फिरोजाबाद द्वारा 03 वाद, जितेन्द्र गुप्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं 7 फिरोजाबाद द्वारा 04 वाद, संदीप कुमार सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट नं 2 फिरोजाबाद द्वारा 02 वाद, राजीव सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट नं 3 फिरोजाबाद द्वारा 17 वाद, श्याम बाबू अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट नं 1 फिरोजाबाद द्वारा 07 वाद, विमल वर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट नं 2 फिरोजाबाद द्वारा 11 वाद निस्तारित किए गए। मजिस्ट्रेट न्यायालयों में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नरेश कुमार दिवाकर द्वारा 6404 वादों का निस्तारण, सिविल जज सी.डि. डा. निधि यादव द्वारा 40 वादों का निस्तारण, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद सुश्री नगमा खान द्वारा 249 वादों का निस्तारण, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिकोहाबाद श्रद्धा देवा द्वारा 1394 वादों का निस्तारण, सिविल जज सी.डि.ध्एफटीसी फिरोजाबाद, सुश्री योगेश शिवा द्वारा 936 वादों का निस्तारण, सिविल जज जूडि. फिरोजाबाद श्रीमती सौम्या मिश्रा द्वारा 21 वादों का निस्तारण, न्यायिक मजिस्ट्रेट निमिषा गुप्ता द्वारा 1057 वादों का निस्तारण, ग्राम न्यायालय टूंडला अजय सिंह द्वारा 269 वादोंका निस्तारण, ग्राम न्यायालय जसराना जावेद द्वारा 126 वादों का निस्तारण, सिविल जज जूडि. शिकोहाबाद सागर तायल द्वारा 264 वादों का निस्तारण, अपर सिविल जज जूडि. कोर्ट संख्या 01 फिरोजाबाद प्रभात कुमार सिंह द्वारा 105 वादों का निस्तारण, अपर सिविल जज जूडि. शिकोहाबाद प्रथम अरोमा रमन पिसेज द्वारा 265 वादोंका निस्तारण, अपर सिविल जज जूडि. शिकोहाबाद द्वितीय प्रशान्त द्वारा 376 वादोंका निस्तारण, सिविल जज जू.डि.ध्एफटीसी–2 फिरोजाबाद स्वेता सोनी द्वारा 200 वादों का निस्तारण, सिविल जज जूडि.ध्एफटीसी–1 फिरोजाबाद अरविन्द कुमार सिंह द्वारा 532 वादों का निस्तारण, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अनिल प्रताप सिंह द्वारा 05 वादों का निस्तारण किया गया।

## कार सवारों ने बाइक सवार को जान से मारने का किया प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र में बाइक में टक्कर मारकर जान से मारने की कोशिश का मामला सामने आया। पीड़ित ने घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल किया है। पुलिस पर पीड़ित ने हल्की धाराओं में मामला दर्ज कर मामला दबाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसपी से की है।

## बेड़नापुर चौकी प्रभारी ने पत्रकारों को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। देहात कोतवाली के बेडनापुर चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ने रविवार को तेजवापुर ब्लाक क्षेत्र के पत्रकारों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान बेडनापुर चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ने पत्रकारों शिवा अवस्थी, अरविंद पाठक, राकेश मौर्या, कुलदीप अवस्थी, वीरेंद्र राव व बाबू खान को अंगवस्त्र व मिठाई देकर सम्मानित किया। इस मौके पर हेड कांस्टेबल शिवदास गोंड, कांस्टेबल सूरज चौधरी, कांस्टेबल दीपेश कनौजिया मौजूद रहें।

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, मुठभेड़ में दो तस्कर गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मुठभेड़ में अवैध शस्त्र निर्माण व तस्करी करने वाले दो शातिर अपराधी गिरतार हुए। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अवैध शस्त्र निर्माण एवं तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो शातिर अपराधियों को गिरतार किया है, जबकि एक अभियुक्त मौके से फरार हो गया। मुठभेड़ के दौरान दोनों अभियुक्तों के पैरों में गोली लगी, जिन्हें घायल अवस्था में गिरतार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस टीम व थाना बकेवर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गई। 13/14 दिसंबर की रात्रि थाना बकेवर क्षेत्र के इकनौर तिराहे पर पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि इकनौर तिराहे से आगे जंगल में कुछ अपराधी एकत्र होकर अवैध असलहों का निर्माण कर रहे हैं। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीमों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर अपराधियों को पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की, जिसमें अभियुक्त सज्जन सिंह के बाएं पैर तथा अभिषेक के दाएं पैर में गोली लगी। इसके बाद दोनों को जंगल से गिरतार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र कप्तान सिंह निवासी नगला मोढ़ादेव थाना भरथना अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरतारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। गिरतार अभियुक्तों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार, कारतूस, शस्त्र निर्माण के उपकरण, मोबाइल फोन एवं घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामद असलहों में 315 बोर के 14 तमंचे, तीन अर्धनिर्मित तमंचे, 12 बोर का तमंचा व बंदूक, 315 बोर की अधिया, 32 बोर के देशी व अर्धनिर्मित रिवाल्वर, तीन पिस्टल तथा विभिन्न बोर के जिन्दा व खोखा कारतूस शामिल हैं। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे अवैध शस्त्रों का निर्माण कर इटावा सहित आसपास के जनपदों में पिस्टल व रिवाल्वर की तस्करी करते थे। इस संबंध में थाना बकेवर पर मु0अ0सं0 415/2025 धारा 109 (पुलिस मुठभेड़), 317(2), 318(4), 336(3), 338 बीएनएस एवं 3, 5, 7, 10, 25, 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजी.त किया गया है। गिरतार अभियुक्त सज्जन सिंह पुत्र विश्वनाथ निवासी सराय चोरी थाना भरथना व अभिषेक पुत्र राकेश निवासी निवाड़ी कला थाना बकेवर हैं। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध पूर्व से पांच–पांच मुकदमे दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई है। इस सराहनीय कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 25,000 रुपये का नगद पुरस्कार घोषित किया गया है। पुलिस का कहना है कि जनपद में अपराध एवं अवैध शस्त्र तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

## इकदिल कस्बे में मिशन शक्तिटीम ने चलाया जागरूकता अभियान



न्यूज वाणी ब्यूरो

इकदिल, इटावा। मिशन शक्ति के तहत इकदिल में महिलाओं को सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज अभियान के अंतर्गत थाना इकदिल पर गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा करबा इकदिल में जागरूकता कार्यक्रम आयेजित किया गया। इस दौरान टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत पंफलेट वितरित कर उन्हें सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं साइबर अपराध से बचाव के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। साथ ही आपात स्थिति में इन नंबरों का तत्काल उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई जिनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना प्रमुख रूप से शामिल रहीं। महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने और अपने परिवार के जीवन को सुरक्षित व सशक्त बनाने की अपील की गई। टीम द्वारा छात्र–छात्राओं को शिक्षा को प्राथमिकता देने, नशा मुक्ति अभियान से जुड़ने तथा सीखी गई जानकारी को परिवार व समाज के अन्य लोगों तक साझा करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं से सुरक्षित, सतर्क और स्वस्थ रहने का आह्वान किया गया।

## अल अशरफ ट्रस्ट ने लगाया नि:शुल्क नेत्र शिविर, 700 मरीजों की जांच

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अल अशरफ ट्रस्ट ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट की ओर से नारायण धाम स्टेशन रोड पर निःशुल्क आंखों का नेत्र शिविर लगाया गया। जिसका शुभारम्भ फीता काटकर हजरत मौलाना कमालुद्दीन अशरफी पेश इमाम ईदगाह ने किया। अल अशरफ ट्रस्ट ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने कहा कि अल अशरफ ट्रस्ट ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष वर्ड सूफी फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष हजरत सैय्यद मोहम्मद अशरफ अशरफी अल जीलानी किछौछवी शरीफ के आदेशानुसार यह चौथा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन जिले की टीम द्वारा कराया गया। इस दौरान हाफिज हारून, मौलाना फुरकान रजा कादरी, रौनक इटावी अशरफी, हाफिज मोहम्मद कैफ रजा, शाहबाज अनवर, कारी उमर, मौलाना हाफिज कारी फैजान अहमद, हाफिज मोहम्मद कैफ ने कुराने तिलावत की एवं आदि मौलानाओं ने भी इस निःशुल्क आई कैंप की प्रशंसा की। इस नेत्र शिविर में डॉ राकेश सिंह, डॉ आशीष सिंह, डॉ अंकिता सिंह, डॉ नीरज, डॉ शेषांक, डॉ नजरीन वारसी आदि द्वारा 700 मरीजों ने कराई जांच, 300 मरीजों को दी गई दवा, 230 लोगों को दिए गए चश्मे, 50 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन मथुरा कानपुर में 19, 20, 21 अप्रैल को कराया जाएगा जिसमें मरीजों के लिए निःशुल्क गाड़ी का इंतजाम होगा। अल अशरफ ट्रस्ट ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड यूनिट के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने आए हुए सभी बड़े बुजुर्ग नौजवानों का धन्यवाद किया और डॉक्टरों की टीम को शॉल और माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया एवं उन सभी को अपनी संस्था का प्रमाण पत्र भी दिया। इस अवसर पर अल अशरफ ट्रस्ट ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट प्रदेश सचिव हमीद लेक्स, उपाध्यक्ष अजहर फरीदी, इमरान खान, तहसीन सलाहकार, शरीफ कोचिंग सेंटर की पूरी टीम, महफूज खान, हाजी अजीम हमीद लेक्स, असलम खान कानून सलाहकार, जसवन्तनगर के अध्यक्ष अब्दुला अशरफी, भरथना बिलाल मुसानी, साजिद अली अशरफी पूर्व नगर अध्यक्ष, नदीम अशरफी, राशिद अशरफी, शेख जुबेर, शेख अकील, मेंहदी हसन, शेख जाविद मामू आदि लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## मंडल स्तरीय टीम ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। शासन की मंशा के अनुसार मंडल स्तरीय टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद चरदा प्राथमिक स्वास्थ्य के नवाबगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाबागंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीहा एवं कई आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का सुपरविजन किया गया जिसमें साफ सफाई व्यवस्था पानी की व्यवस्था मरीज के बैठने हेतु व्यवस्था अच्छी पाई गई एवं ईडीएल के अनुसार कुछ दवाइयां कम पाई गई फार्मासिस्ट को आदेशित किया गया है कि जो भी दवाइयां काम है उसको सीएमएसडी से लाकर पूर्ति सुनिश्चित करें।

## प्रेस ट्रस्ट कार्यालय का हुआ उद्घाटन, पत्रकारिता को नई दिशा देने का संकल्प



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पत्रकारों के अधिकार, निष्पक्ष पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों को मजबूती देने के उद्देश्य से गठित प्रेस ट्रस्ट के कार्यालय का भव्य उद्घाटन रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार केएस दुबे ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया और उपस्थित पत्रकारों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उद्घाटन के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार केएस दुबे ने कहा कि पत्रकारिता केवल खबर लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की आवाज बनकर सच को सामने लाना ही इसका मूल उद्देश्य है। उन्होंने युवा पत्रकारों से निष्पक्ष, निर्भीक और तथ्यपरक पत्रकारिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनपद सहित विभिन्न संगठनों से आए करीब चार दर्जन पत्रकार मौजूद रहे। प्रेस ट्रस्ट की कार्यशैली, उद्देश्य और पारदर्शिता से प्रभावित होकर कई पत्रकारों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। संगठन प्रमुख अनिल सिंह गौतम ने नए सदस्यों को सदस्यता दिलाते हुए शपथ भी दिलाई। वक्ताओं ने कहा कि प्रेस ट्रस्ट पत्रकारों के हितों की रक्षा, उत्पीड़न के मामलों में आवाज उठाने और पत्रकारिता को मजबूती देने के लिए लगातार सक्रिय रहेगा। कार्यक्रम के दौरान आपसी संवाद, विचार–विमर्श और संगठन के भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा हुई। लगातार बढ़ती लोकप्रियता के चलते बांदा प्रेस ट्रस्ट से पत्रकार साथियों का जुड़ाव तेजी से बढ़ रहा है, जो क्षेत्रीय पत्रकारिता के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि अनिल तिवारी जिलाध्यक्ष रमाकांत तिवारी संगठन प्रमुख अनिल सिंह गौतम महासचिव अंशू गुप्ता तहसील अध्यक्ष अनूप तहसील उपाध्यक्ष रामप्रकाश गुप्ता कार्यकारणी सदस्य दिलीप कुमार ललित विश्वकर्मा अमिनाश दीक्षित दिलीप जैन दिलीप द्विवेदी रजनी द्विवेदी एनके मिश्रा सुशील कुमार रामकिशोर उपाध्याय निर्मल शुक्ला पंकज शुक्ला सहित आधा सैकड़ा पत्रकार उपस्थित रहे।

## गांजा की खेती करने वाला गिरफ्तार, हरा व सूखा गांजा बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन ईगल के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि थाना तिन्दवारी पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई ग्राम माचा में व्यक्ति द्वारा अपने घर के अन्दर बाड़े में अवैध गांजे की खेती की जा रही है तथा उक्त व्यक्ति अवैध गांजे को सुखाकर उसकी बिक्री करने जा रहा है। सूचना के आधार पर थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सिंगवा डेरा के पास से अभियुक्त को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से कुल 01 किलो 261 ग्राम अवैध हरा गांजा तथा 505 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त चुनवाद पुत्र जगन्नाथ निवासी माचा थाना तिन्दवारी के विरुद्ध मु0अ0सं0 304/25 धारा 8, 20, 20() एनडीपीएस एक्ट थाना तिन्दवारी में अभियोग दर्ज किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना तिन्दवारी दीपेन्द्र सिंह उप निरीक्षक उत्कर्ष सिंह महिला उप निरीक्षक रोशनी सेंगर का0 रुपेन्द्र सिंह का0 देवेश सिंह चौहान म0का0 संतोषी लोधी शामिल रहे।

## एसडीएम नानपारा ने अलाव स्थलों का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के .ष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहॅुचाये जाने के लिए, रैन बसेरे की उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा अलाव की व्यवस्था का जायजा लेने के उद्देश्य से, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने शनिवार की रात्रि नगर पालिका परिषद नानपारा में बने रैन बसेरे व नगर क्षेत्रार्न्तगत जल रहे लगभग सभी अलाव स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अलाव के आस–पास मौजूद लोगों से अलाव के सम्बन्ध में पूछने पर लोगों ने बताया कि, अलाव समय से जलाये जा रहे है। सभी लोग जिला व तहसील प्रशासन की कार्यवाही से पूरी तरह संतुष्ट दिखे। एसडीएम श्रीमती जौहरी ने अधिशासी अधिकारी व नायब तहसीलदार को निर्देश दिया कि निर्धारित स्थानों पर प्रतिदिन समय से अलाव जलाने की व्यवस्था की जाय ताकि किसी भी जरूरतमन्द व्यक्ति को कोई परेशानी न हो। रैन बसेरे में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पाये जाने पर एसडीएम ने संतोषजनक व्यक्त करते हुए ईओ को निर्देश दिया कि रैन बसेरे के सम्बन्ध में नगर क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों पर बोर्ड स्थापित कर व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाये ताकि जरूरतमन्द लोग आसानी के साथ व्यवस्था का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि हम सब का यह प्रयास होना चाहिए किसी भी व्यक्ति को ठंड के मौसम में खुले आसमान के नीचे रात बसर न करनी पड़े। एसडीएम ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नानपारा को निर्देशित किया है कि अपने स्तर से एक चिकित्सक की ड्यूटी लगा दें जो रात्रि में रैन बसेरे में ठहरने वाले व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके आवश्यकतानुसार उन्हें परामर्श व उपचार की सुविधा प्रदान करें। एसडीएम ने कहा कि शासन व जिला प्रशासन के निर्देशानुसार तहसील प्रशासन सभी जरूरतमन्द लोगों के लिए 24 घंटे तत्पर है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

फैसल चश्में वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, सामलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्मे बनाये जाते हैं व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्में वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबूनगर-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद
बी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P

हाजी खलील अहमद जाफरी
सम्पादक कारखाने हक
9415065213

एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# खैराबाद ब्लाक के शिक्षकों की हुई मासिक बैठक

### - समस्त कार्यो को प्रथम वरीयता देकर करना चाहिए संतोष : कुमार मिश्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। स्थानीय बीआरसी पर दो दिवसीय शिक्षकों की मासिक बैठक का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पहले दिन की बैठक में पांच संकुलों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इसमें खंड शिक्षा अधिकारी श्री मिश्रा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके विद्यालय का कोई भी कार्य पेंडिंग नहीं रहना चाहिए। बच्चों की पर ध्यान दें तथा शिक्षकों की उपस्थिति समय से हो। विद्यालय में आपसी सामंजस्य के साथ कार्य किया जाए। जो बच्चे 6 दिन बीत जाने पर भी विद्यालय नहीं आए हैं तो शिक्षकों को चाहिए कि उनके अभिभावकों से संपर्क करके इसका कारण जाने और उन्हें विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें वर्तमान समय में जिलाधिकारी द्वारा जारी निरीक्षण प्रपत्र जो 31 बिंदुओं पर आधारित है उसको प्रत्येक दशा में पूर्ण करते हुए



एक प्रति विद्यालय में रखें तथा दूसरी प्रति ब्लॉक संसाधन केंद्र पर जमा कर दें। जिलाधिकारी द्वारा जारी 21 बिंदुओं पर आधारित सुझाव पत्र के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में कार्य होना चाहिए सभी शिक्षकों शिक्षामित्र अनुदेशकों को अपनी शिक्षक डायरी अनिवार्य रूप से भरना होगा। कक्षा 123 में शिक्षण कार्य शिक्षक संदर्शिका के आधार पर किया जाए निपुण प्लस पर प्रतिदिन कार्य किया जाए यानी बच्चों का आकलन अनिवार्य रूप से करते रहें। 4 वर्षों से भेजी गई कंपोजिट ग्रांट का संपूर्ण विवरण एक लेक्स या चार्ट के ऊपर लिखकर दीवार पर इस प्रकार से लगाए की जन सामान्य उसे आसानी से देख सके मध्यान भोजन की गुणवत्ता अति उत्तम होनी चाहिए यदि ग्राम प्रधान द्वारा खाना बनाया जा रहा है और गुणवत्ताहीन भोजन बन रहा है तो ऐसी स्थिति में विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा ग्राम प्रधान से वार्ता की जाए इसके उपरांत यदि सुधार नहीं होता है तो प्रार्थना पत्र देकर विद्यालय प्रबंध समिति के द्वारा खाना बनवाया जाए। रसोई घर में साफ सफाई व रसोइयों को निर्धारित यूनिफॉर्म में रहकर भोजन बनाना होगा यदि इसके विपरीत कार्य पाया जाता है तो प्रधान अध्यापक के साथ–साथ विद्यालय के समस्त स्टाफ की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी बच्चों की उपस्थिति और उनकी यूनिफॉर्म पर विशेष ध्यान दें। जिन्हें डीबीटी के द्वारा पैसा प्राप्त हो गया है उनके माता–पिता से मिलकर बच्चों के हित में उस धनराशि को लगाने का अनुरोध करें शीतकालीन समय में बच्चों को स्वेटर कोट आदि पहनकर आने को कहें। विद्यालयों की रंगाई पुताई बहुत अच्छी तरह से करवाई जाए उचित और गुणवत्ता पूर्ण सामान का प्रयोग किया जाए, 31 बिंदुओं वाले प्रपत्र को भर कर समस्त स्टाफ के हस्ताक्षर भी करवाएं जाएं ताकि आकस्मिक निरीक्षण के समय कोई अध्यापक यह न कहे कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा, एआरपी नोडल संजीव पटेरिया, आशुतोष सिंह, वीरेन्द्र कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ खैराबाद ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष काजिम हुसैन, मंत्री प्राथमिक संघ अमित त्रिपाठी मौलाना जमशेद आलम, कार्यालय सहायक पंकज कुमार रावत, ब्रजेश दीक्षित, सुधीर कुमार, मनीष कुमार, अंजू राजवंशी संयुक्त मंत्री, रंजना मिश्रा, नीलम कुमारी, मोहित पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## एसडीएम नानपारा ने घर-घर जाकर एएसडी सूची का किया सत्यापन



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने एएसडी की सूची का पुनः सत्यापन हेतु राजस्व लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदारों की टीम का गठन किया है। टीम बूथ पर जाकर बीएलओ व बीएलए से सम्पर्क करके एएसडी की सूची में दर्ज नाम का पुनः स्थलीय घर–घर जाकर सत्यापन करेगी और यदि कोई पात्र व्यक्ति मिल जाता है तो उसका फार्म फीड कराएगी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने स्वयं भी कई बूथों का निरीक्षण कर मौजूद बीएलओ और बीएलए से वार्ता की साथ ही घर–घर जाकर अपने पर्यवेक्षण में सूची का सत्यापन कराया। उन्होंने लोगों को बताया कि विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण में समय बढ़ गया है किंतु विधानसभा–283 नानपारा का कार्य तो पूर्व में ही 100 प्रतिशत पूर्ण हो गया था फिर भी एक बार पुनः एएसडी मतदाता जो प्राप्त हुए हैं उनका पुनः सत्यापन कराया जा रहा है। सत्यापन के लिए गठित टीमें बीएलओ और बीएलए के साथ घर–घर जाकर एक–एक व्यक्ति का सत्यापन करेगी और यदि एएसडी में दर्ज नाम का कोई व्यक्ति जो की पात्रता की श्रेणी में आता है, तो उसका फॉर्म नियमों के अंतर्गत भरवाएगी तथा अपनी रिपोर्ट तीन दिवस के भीतर उपलब्ध कराएगी जिससे कि कोई भी पात्र व्यक्ति का नाम ना कट पाए। बूथों के भ्रमण के दौरान एसडीएम ने बताया कि भारत के ऐसे नागरिक जिनकी उम्र 18 वर्ष है और मतदाता बनने की अर्हता रखते हैं तो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की नामावली में पंजीकरण के लिए प्रारूप 6 में आवेदन कर सकते है। प्रारूप 6 आवेदन को संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। अथवा आवेदन पत्र अपने बूथ के संबंधित बीएलओ से प्राप्त करके भी आवेदन पत्र भरकर संबंधित बीएलओ को भी उपलब्ध कराया जा सकता है। प्रारूप–6 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय, तहसील कार्यालय अथवा बूथ लेविल अधिकारी (बीएलओ) से प्राप्त किये जा सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट अथवा एनवीएसपी पोर्टल से डाउनलोड भी किये जा सकते हैं। श्रीमती जौहरी ने बताया कि फॉर्म 6 भरने हेतु आवश्यक दस्तावेज के रूप में रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, जन्म तिथि प्रमाण हेतु कक्षा 10 की मार्कशीट या जन्म प्रमाण पत्र, पते का प्रमाण पत्र, युवाओं के लिए माता पिता की वोटर आईडी की फोटो कॉपी, नवविवाहित महिलाओं के लिए पति की वोटर आईडी, विवाह प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी।

## प्रामिस लैंड इंटर कालेज में लगा बाल मेला

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा, बहराइच। प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज रूपईडीहा में रविवार को अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ भव्य क्रिसमस मेले का आयोजन किया गया। मेले के अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग–बिरंगी सजावट एवं थीम आधारित स्टॉल्स से आकर्षक रूप दिया गया। कुल 12 स्टॉल्स लगाए गए, जिनमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मकता और कौशल का उत्ष्ट प्रदर्शन किया। मेले का उद्घाटन मेले में सबसे पहले पहुंचने वाली समृद्धि गुप्ता की माताजी श्रीमती सोनी गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के साथ ही पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल बन गया। मेले में लगाए गए फूड स्टॉल्स पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए पाव भाजी, चाउमीन, मंचूरियन, भेलपुरी, गोलगप्पे, आलू टिक्की, मोमोज, सैंडविच, केक, ब्राउनी, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक्स एवं पॉपकॉर्न आगंतुकों का विशेष आकर्षण केंद्र बने। वहीं मनोरंजन के लिए रिंग टॉस, बॉल–इन–द–बकेट, बाउल एंड पिन, मेमोरी कार्ड गेम, स्पून एंड लेमन, बलून्स पॉप, पेपर डांस, डार्ट गेम, क्विज कॉर्नर तथा स्पिन एंड विन जैसे गेम स्टॉल्स ने मेले की रौनक बढ़ा दी। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं शिफाली सिद्दीकी, फलक अंजुम, अनुराधा बनिया, श्रेया गुप्ता, जिक्रा फातिमा, नीतू जायसवाल, स्नेहा सोनी, नूरी फातिमा, सैफ अंसारी, जी. पी. श्रीवास्तव, एस. यू खान, आकाश पाण्डेय सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। विद्यार्थियों में सरफराज हुसैन, देवेश गुप्ता, शुभम बरनवाल, दिव्या त्रिपाठी, सिदरा इरशाद, महविश खान, हितेश साहू सृष्टि वर्मा आदि ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। पूरा कार्यक्रम विद्यालय के मैनेजर एएस स्टेनली एवं प्रधानाचार्य अनुग्रह स्टेनली के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जबकि कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन सौम्या स्टेनली द्वारा किया गया। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य अनुग्रह स्टेनली ने सभी विद्यार्थियों अभिभावकों एवं स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं मैनेजर एएस स्टेनली ने इसे छात्रों की प्रतिभा और सहभागिता का उत्ष्ट उदाहरण बताते हुए भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही।

## कबड्डी चैंपियनशिप का भव्य समापन, खेल भावना बनी सबसे बड़ी विजेता

### - स्टेट चैंपियनशिप लीग के फाइनल मुकाबला गौतमबुद्ध नगर ने जीता

### - तीसरे और चौथे स्थान पर गाजियाबाद एवं यूपी पुलिस



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनपद में आयोजित 52 वीं सीनियर पुरुष राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप (जोन–बी) का समापन अत्यंत रोमांचक और यादगार क्षणों के साथ संपन्न हुआ। दो दिनों तक चले इस प्रतिष्ठित आयोजन ने खेल प्रेमियों को थ्रिलिंग अनुभव दिए और जिले को राज्य स्तरीय कबड्डी मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाई। सभी मुकाबले भागवत प्रसाद मेमोरियल अकेडमी श्रीनाथ विहार चिल्ला रोड के खेल मैदान में आयोजित किए गए। जहाँ हर मैच के दौरान दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था। रेड, सुपर टैकल और आखरी पलों तक चले मुकाबलों ने दर्शकों को अंत तक बाँधे रखा। समापन समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ कई प्रख्यात एवं गणमान्य नागरिकों ने भी फाइनल मुकाबला देखा और खिलाड़ियों की सराहना की। प्रतियोगिता में विजेता टीम ने पूरे जोश, अनुशासन और उत्ष्ट खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया। टीम का खेल न केवल तकनीकी रूप से मजबूत रहा, बल्कि उसमें स्पोर्ट्समैन स्पिरिट साफ झलकती रही, जिसके लिए उन्हें सभी दर्शकों और अधिकारियों से भरपूर सराहना मिली। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष अंकित कुशवाहा, सचिव कमल यादव एवं कोषाध्यक्ष सुनील सक्सेना ने संयुक्त रूप से कहा कि इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि खेल भावना, आपसी सम्मान और अनुशासन पूरे टूर्नामेंट में सर्वोपरि रहे। उन्होंने बताया कि यह आयोजन के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा और जिले में कबड्डी के भविष्य को नई दिशा देगा। पहला सेमी फाइनल मुकाबला गौतम बुद्ध नगर यूपी पुलिस के मध्य खेला गया जिसमें गौतमबुद्धनगर ने फाइनल में प्रवेश किया। वही इस चैंपियनशिप का दूसरा मुकाबला गाजियाबाद मेरठ के मध्य खेला गया समापन अवसर पर यह स्पष्ट रूप से महसूस किया गया कि जीत–हार से ऊपर खेल भावना रही, और यही इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप की सबसे बड़ी जीत साबित हुई। इस समापन दिवस के अवसर पर जेपी पावर डीन .षि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, शिवशरण कुशवाहा चेयरमैन भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी, राम लखन कुशवाहा, चंद्रलेखा कुशवाहा, राजकुमार राज, चंद्र मौली भारद्वाज, नितिन द्विवेदी, अमित सेठ भोलू विकल्प शर्मा, संजय गुप्ता, कुकू माली, संजय काकोनिया, राजेंद्र अवस्थी, महेश साहिल, रेहान अली उपस्थित रहे।

## जोनल स्तरीय निरंकारी इंग्लिश मीडियम समागम का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। रविवार को संत निरंकारी समागम का आयोजन भोपाल से पधारे अलावा हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, अतर्रा, भाग लिया। इस समागम में उपस्थित संत निरंकारी मिशन प्र.ति के अन्दर समस्त ति को 9 भागों में बाँटकर इनको बनाने वाले ही भक्ति है। निरंकारी मिशन का आधार गुरु का गुरुसिख सत्संग को प्राथमिकता जाने का कारण अपने दुनियावी कार्यों को लेकिन जब उनसे पूछा गया कि आपको रहते हैं तो उनका उत्तर था कि गुरु का है, जैसे किसी व्यक्ति को किसी गाड़ी में कि तुम भी साथ बैठो, छाया तो साथ–साथ एहसास में रखते हैं तो यह समाज, संसार



सत्संग भवन अलीगंज शास्त्री नगर में एक विशाल जोनल स्तरीय इंग्लिश मीडियम अशोक जुनेजा (केन्द्रीय प्रचारक) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें शहर के बबेरू, भरूआ सुमेरपुर, बिवांर, मौदहा आदि शाखाओं से बच्चों, बहनों और महापुरूषों ने विशाल संत समूह को संबोधित करते हुए भोपाल से पधारे अशोक जुनेजा ने कहा कि मानव जाति को एक सूत्र में पिरोकर अपना परिवार मानता है। निरंकारी मिशन प्र. सर्वशक्तिमान निरंकार प्रभु को इन सबके बीच उपस्थित रहते हुए इसकी रजा में रहना ब्रम्हज्ञान है। ब्रम्हज्ञानी सतगुरु के प्रत्येक वचन को इलाही फरमान मानता है। जहाँ देता है वहीं सांसारिक विचारधारा के लोग आध्यात्मिक कार्यों को रोककर या देरी से करते हैं। जैसे दक्षिण भारत में कुछ विशेष लोग होते हैं जिन्हें हिन्दी समझ में नहीं आती, हिन्दी समझ में नहीं आती फिर भी आप सत्संग में समय से आते हैं और पूरे समय आदेश है, और गुरु के आदेश को मानना ही भक्ति है। ये संसार निरंकार प्रभु की छाया बैठकर अपनी यात्रा को तय करना होता है तो उसे अपनी छाया को नहीं कहना पड़ता चलती है। इसी प्रकार यदि इस निराकार प्रभु परमपिता परमात्मा को हर समय अपने या हमारी सांसारिक जिम्मेदारी स्वतः पूरी हो जाती है। इस निराकार प्रभु का स्वभाव

है सबसे प्रेम, सदभाव एवं भाईचारा स्थापित करना न कि किसी से नफरत करना। किसी भी जीवात्मा से नफरत करना अर्थात निरंकार से नफरत करना है। इसलिए गुरुसिख हमेशा प्र.ति के प्रत्येक वस्तु व्यक्ति में इनके ही दर्शन करके अपनी भक्ति को पूर्णता की ओर ले जाता है, जैसे सम्पूर्ण अवतारवाणी में कहा है कि–ये नौ चीजें .श्यमान है, इनको कहते माया है। दशवां ब्रम्ह इनसे न्यारा, इनके बीच समाया है। समागम में होने वाली समस्त सेवायें निरंकारी सेवादल के कार्यकर्ताओं द्वारा सम्पन्न करायी गई सत्संग के बाद सभी श्रद्धालु भक्तों ने लंगर (प्रसाद) ग्रहण किया।

## एक भी बच्चा छूट गया, संकल्प हमारा टूट गया

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। रविवार को सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का शुभारम्भ मालती बासू, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद द्वारा पीपीसी स्थित बूथ में नवजात शिशुओं को दो बूंद पोलियों की ड्राप पिलाकर किया गया। डा० विजेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि सघन पल्स पोलियो अभियान रविवार को बूथ दिवस एवं 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक घर–घर भ्रमण कार्यक्रम चलाया जायेगा। 22 दिसंबर को बूथ एवं घर–घर कार्य के दौरान पोलियो ड्राप से छूटे हुये बच्चों को बी टीम द्वारा पोलियो ड्राप पिलायी जायेगी। इस हेतु पूरे जनपद में 1018 बूथ बनाये गये है। 37 ट्रांजिट टीम एवं घर–घर भ्रमण हेतु 634 टीमें बनायी गयी हैं। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाडी व शिक्षा विभाग तथा स्वैच्छिक संगठन के कर्मचारी एवं पर्यवेक्षक लगाये गये हैं। जिले में रविवार को 0–5 वर्ष के नौनिहालों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाई गयी। बूथ दिवस हेतु 110737 बच्चों को पोलिया ड्राप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। माता–पिता से अपील की गयी कि वह 0–5 वर्ष के बच्चों को अपने नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर दो बूंद दवा अवश्य पिलाएं। पोलियों की बीमारी से भारत मुक्त हो चुका है लेकिन पोलियो का वायरस पड़ोसी देशों में विद्यमान होने के कारण एहतियात के तौर पर हम कोई रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। डा० विजय शंकर केसरवानी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 293615 बच्चों को पोलियों की दवा पिलाया जाना है। सभी जनपदवासियों से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अपील करता है कि पोलियो टीम को सहयोग दें। अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो की दवा पिलाने का कष्ट करें ताकि हम अपने देश को पोलियो मुक्त रख सकें। इस मौके पर डा० किशन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला पुरूष चिकित्सालय, डा० सुनीता सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय, डा० आरएन प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डा० विजय शंकर केसरवानी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा० श्याम सिंह जाटव, एस०एम०ओ० डब्लू०एच०ओ०, डा० नीरज गौतम, डा० मो० आरिफ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, अर्बन हेल्थ पोस्ट, कुशल यादव डी०पी०एम० एन०एच०एम०, राधा शर्मा, ए०आर०ओ० (आर०आई०), संदीप पराशर, क्वार्डिनेटर जे०एस०आई०, प्रेम पाल यू०एच०सी० एन०यू०एच०एम० एवं अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नानपारा पुलिस की लूट के अभियुक्तों से हुई मुठभेड़

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। थाना नानपारा में एक व्यक्ति से उसकी मोटरसाइकिल व 5100 रूपये अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लूटने की घटना के संदर्भ में थाना नानपारा पर मुकदमा पंजी.त किया गया था। आज उसी घटना के सम्बन्ध में एक मुखबिर ने थाना नानपारा पुलिस टीम को सूचना दी कि उस लूट से सम्बन्धित दो अभियुक्त उक्त घटना में लूटी गई। मोटर साइकिल के साथ नेपाल क्षेत्र निकलने वाले है। उक्त सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी नानपारा व पुलिस टीम हाडा बसेरी नहर के पास पुलिया पर चेकिंग की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। उसी समय एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति दूसरी तरफ से आ रहे थे। पुलिस की टीम द्वारा रोकने पर तत्काल मोटर साइकिल सवारों ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमले की नियति से फायरिंग शुरू कर दी पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में एक व्यक्ति के बांये पैर में गोली लग गई जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। घायल अभियुक्त से पूछने पर ज्ञात हुआ कि उसका नाम दीपक कश्यप है जो जनपद श्रावस्ती का रहने वाला है। उसके पास से घटना में लूटी गयी मोटरसाइकिल व एक तमंचा व दो खोखा कारतूस और एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। घायल अभियुक्त को फिलहाल इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया व उसका दूसरा साथी जो फरार है उसके लिए पुलिस टीमों द्वारा काम्बिंग की जा रही है। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## सीएम सामूहिक विवाह में 308 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामाजिक समरसता और जनकल्याण की भावना को सशक्त करते हुए 308 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह भव्य आयोजन बापू इंटर कॉलेज, कोपागंज में आयोजित किया गया। जिसमें नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा वर्चुअल माध्यम से जुड़कर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विकास खंडों एवं नगरीय क्षेत्र से बड़ी संख्या में जोड़ों ने सहभागिता की। घोसी से 32, रतनपुरा से 26, कोपागंज से 30, परदहा से 09, दोहरीघाट से 41, फतहपुर से 40, गोहना से 38, रानीपुर से 31, बड़राव से 26 तथा शहरी क्षेत्र से 29 जोड़े इस पुनीत आयोजन का हिस्सा बने। सामूहिक विवाह कार्यक्रम ने सामाजिक एकता, समानता और सरल विवाह की परंपरा को मजबूती प्रदान की। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए एक सशक्त सहारा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में इस योजना के अंतर्गत प्रति जोड़ा 51000 की सहायता राशि प्रदान की जाती थी, जिसे मुख्यमंत्री के दूरदर्शी निर्णय से बढ़ाकर 100000 कर दिया गया है। यह वृद्धि सरकार की गरीब, वंचित और जरूरतमंद परिवारों के प्रति संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। श्री शर्मा ने सभी 308 नवविवाहित जोड़ों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि सभी दंपत्ति सुखी, स्वस्थ और समृद्ध दांपत्य जीवन व्यतीत करेंगे। उन्होंने कहा कि नवविवाहित जोड़े अपने माता–पिता की सेवा करते हुए समाज, प्रदेश और देश के विकास में सकारात्मक योगदान दें। यही इस योजना की सच्ची सफलता होगी। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना न केवल आर्थिक सहयोग का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक कुरीतियों को दूर कर सरल, सुसंस्.त और सम्मानजनक विवाह की दिशा में एक मजबूत पहल है। प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं को और प्रभावी बनाया जाएगा।

# 53 वीं मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। आजमगढ़ के पुरातन क्रिश्चियन वेस्ली इंटर कॉलेज के भव्य प्रांगण में राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान के तत्वाधान में 53 वीं मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में आजमगढ़ मंडल के मऊ, आजमगढ़ तथा बलिया के विभिन्न विद्यालयों के बाल वैज्ञानिकों ने अपने क्रियाशील और अक्रियाशील मॉडल प्रस्तुत किए।प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत पोर्टर ने करते हुए अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नवाचार की भावना जगाते हैं। प्रदर्शनी के निर्णायक मंडल में भौतिक विज्ञान वरिष्ठ प्रवक्ता राहुल सिंह, गणित अध्यापक तेज बहादुर सिंह तथा रेडियो एवं संचार प्रवक्ता मोहम्मद जमालुद्दीन ने मॉडलों का मूल्यांकन वैज्ञानिक .ष्टिकोण, नवाचार, सामाजिक उपयोगिता और प्रस्तुतीकरण के आधार पर किया। इस वर्ष प्रतियोगिता का मुख्य विषय विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित है। मुख्य विषय के अंतर्गत सात उपविषयों में अपनी प्रतिभा का डंका बजाते हुए के 15 प्रतिभागियों ने विभिन्न वर्गों में वाराणसी में पीएमश्री राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज में होने वाली राज्य स्तरीय प्रदर्शनी (16–19 दिसंबर) में स्थान बनाया है। जूनियर संवर्ग में सोनी धापा खंडेलवाल बालिका इंटर कॉलेज की 6 छात्राओं रंजना खरवार ने हरित ऊर्जा, जाह्नवी मद्धेशिया ने कचरा प्रबंधन, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग में रूबी मद्धेशिया, चिरस्थाई खेती में सौम्या रावत, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में निशु मद्धेशिया तथा जल संरक्षण व प्रबंधन में हर्षिता श्रीवास्तव ने अपने स्थिर प्रदर्शनों के साथ राज्य में स्थान बनाया। सीनियर संवर्ग में फलक खातून ने कचरा प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में खुशी मद्धेशिया, हरित ऊर्जा में रजनी त्रिपाठी ने तथा अध्यापक संवर्ग में ऋचा त्रिपाठी ने कचरा प्रबंधन तथा प्लास्टिक के विकल्प उपविषय में अपने मॉडल प्रस्तुत करते हुए राज्य में स्थान सुरक्षित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक विधि चंद्र यादव ने किया।

# प्रयागवाल समाज ने माघ मेला क्षेत्र में किया भूमि पूजन

प्रयागराज(सवाददाता )। माघ मेला 2026 में रविवार को तीर्थ पुरोहित प्रयागवाल समाज ने माघ मेला क्षेत्र में विधि–विधान और मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया। इस मौके पर प्रयागवाल सभा के अध्यक्ष प्रदीप पांडे, अपर मेला अधिकारी दयानन्द प्रसाद सहित समाज के कई सदस्य मौजूद रहे।

अपर मेला अधिकारी दयानन्द प्रसाद ने बताया कि माघ मेला 2026 की तैयारियों को देखते हुए प्रयागवाल समाज के लिए भूमि वितरण और पूजन की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि इस बार मेला समय से पहले शुरू हो रहा है, इसी कारण प्रयागवाल समाज ने पहले ही भूमि आवंटन की मांग की थी। वर्तमान में प्रयागवाल समाज के कुल 920 उपभोक्ता हैं, जिन्हें लगभग 774 बीघा भूमि आवंटित की जानी है। उन्होंने बताया कि रविवार से जमीन वितरण की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू कर दी गई है।वहीं प्रयागवाल सभा के अध्यक्ष प्रदीप पांडे ने बताया कि इस बार माघ मेला तय समय से पहले शुरू होगा, इसलिए समाज की ओर से करीब पांच दिन पहले ही सभी व्यवस्थाएं शुरू करने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि 30 दिसम्बर से श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो जाएगा, ऐसे में उनकी मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पहले से तैयारियां जरूरी हैं। इसी उद्देश्य से मेला प्राधिकरण से पहले भूमि मांगी गई थी, जो अब मिलनी शुरू हो गई है। उन्होंने माघ मेला के सकुशल आयोजन की कामना करते हुए भूमि पूजन किया।

संगम की रेती पर आयोजित होने वाले माघ मेले में भूमि आवंटन का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा था। खाक चौक के साधु–संतों के बाद तीर्थ पुरोहित प्रयागवाल समाज भी प्रयागराज मेला प्राधिकरण की भूमि आवंटन प्रक्रिया से नाराजगी जताई थी।

# प्रयागराज में आज से लागू होगा नया सर्किल रेट

प्रयागराज(सवाददाता )। जनपद में सोमवार से नया सर्किल रेट लागू हो जाएगा। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को इसके लिए स्वीकृति दे दी। अब नए सर्किल रेट पर ही संपत्तियों की रजिस्ट्री होगी। इसके अनुसार जिले में पांच से 30 प्रतिशत तक के सर्किल रेट में बढ़ोतरी की गई है।सबसे ज्यादा 30 प्रतिशत तक नैनी, झूंसी, फाफामऊ और झलवा क्षेत्र में सर्किल रेट बढ़ाया गया है। वहीं सिविल लाइंस, अशोक नगर, जार्जटाउन, टैगोर टाउन, मम्फोर्डगंज क्षेत्र में 15 प्रतिशत तक सर्किल रेट बढ़ा है। दरअसल, इन क्षेत्रों में वर्ष 2022 में ही काफी ज्यादा सर्किल रेट बढ़ा दिया गया था। लगभग तीन वर्षों बाद जिले में सर्किल रेट बढ़ाया गया है। नए सर्किल रेट में सबसे महत्वपूर्ण नियमों में सरलीकरण किया गया है, जिससे कोई भी व्यक्ति अपनी संपत्ति का खुद से मूल्यांकन कर सकेगा। इसके साथ ही होटल, रेस्टोरेंट, बार, सिनेमा हाल, वेयर हाउस, कोल्डस्टोर, बैंक्वेट हाल, ढाबा, रिसार्ट, पार्टी लान की भी नए सर्किल रेट में मूल्यांकन की व्यवस्था कर दी गई है। पहले इन संपत्तियों की अलग से मूल्यांकन की व्यवस्था नहीं थी।एआइजी स्टांप राकेश चंद्रा ने बताया कि सबसे अहम यह कि ज्यादा क्षेत्रफल की अकृषक भूमि की रजिस्ट्री में राहत दी गई है।

# भक्तिमय कलश यात्रा आयोजित, श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

प्रयागराज(सवाददाता )। श्री बांके बिहारी परिवार एवं श्री श्री अग्रसेन



अग्रवाल समाज, प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर आज भव्य, भक्तिमय कलश यात्रा का आयोजन किया गया। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से सराबोर वातावरण में निकली यह कलश यात्रा चौधरी गार्डन, गेट नंबरदृ2 से प्रारंभ होकर निर्धारित मार्गों से होती हुई पुनः चौधरी गार्डन, गेट नंबरदृ2 पर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा के सफल समापन के साथ ही आज से श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हो गया।कलश यात्रा में श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज के अध्यक्ष पीयूष रंजन अग्रवाल, महामंत्री अभिषेक मित्तल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, डॉक्टर बी बी अग्रवाल, अग्रवाल युवा मंडल के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, महामंत्री वैभव गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष गोयल, कोषाध्यक्ष अंशु अग्रवाल सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अंकित अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अनुप अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, प्रमय मित्तल, आशीष गोयल, अर्पित अग्रवाल, अजीत बंसल, राजन टंडन, विवेक अग्रवाल, मनोज टंडन, अमल सेठ, अंकुर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी सहभागिता रही।अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष मोना अग्रवाल, महामंत्री नंदिता अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निधि बंसल, रूपाली गोयल, आकांक्षा अग्रवाल, रीनू मित्तल, श्रुति अग्रवाल, माया अग्रवाल, प्रिया गोयल, मोहिनी अग्रवाल, नीलम टंडन, ज्योति मेहरोत्रा, अमल, रश्मि पुरवार, श्वेता पुरवार, मनीषा सेठ एवं नीतू मेहरोत्रा की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को और अधिक भव्य, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया।श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कथा व्यास पद्महस्ता भारती के श्रीमुख से 14 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से सायं 7 बजे तक कराया जाएगा। कथा के दौरान भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों एवं जीवन दर्शन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सारगर्भित विवेचन किया जाएगा। यह जानकारी श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज, प्रयागराज के मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने दी है।

# सपा की PDA–SIR बैठक, बीएलओ सहयोग पर मंथन, सम्मान समारोह में नेताओं ने रखे विचार

## नरेंद्र कुमार प्रजापति ने शराफत खान को मेमोंटो देकर किया सम्मानित

फतेहपुर जनपद के अयाह शाह विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत कोर्रा कनक कस्बे में समाजवादी पार्टी द्वारा च्व। (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) और ै्र को लेकर एक विस्तृत एवं संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करना, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और सामाजिक न्याय के मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं को एकजुट करना रहा।बैठक की शुरुआत संगठन की भूमिका और उद्देश्य पर चर्चा के साथ हुई। सेक्टर प्रभारी पंकज निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि च्व। समाज को एकजुट करना समाजवादी पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव–गांव जाकर लोगों को पार्टी की नीतियों से जोड़ें और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें। साथ ही उन्होंने कहा कि बीएलओ के कार्यों में सहयोग करना लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।अर्जुन निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि मतदाता सूची से जुड़ा कार्य अत्यंत



महत्वपूर्ण है और इसमें पारदर्शिता जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे आम जनता को जागरूक करें ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न छूटे और लोकतांत्रिक अधिकार सुरक्षित रहें।शराफत खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा सभी वर्गों के हितों की बात करती रही है। च्व। की विचारधारा सामाजिक समरसता और समानता पर आधारित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने का आग्रह किया और कहा कि संगठन की मजबूती से ही जनहित के मुद्दे प्रभावी ढंग से उठाए जा सकते हैं।राम विशाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि ै्र के माध्यम से संगठन को नए सिरे से ऊर्जा मिल रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना ही पार्टी की ताकत है। सभी को अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।गया प्रसाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा गरीब, किसान और मजदूर की आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और संगठन तक पहुंचाएं।ठाकुर लाल बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा समाजवादी पार्टी की मूल विचार ारा है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर जनसेवा के कार्यों में आगे आना चाहिए।लखन ने कहा कि संगठन की मजबूती तभी संभव है जब बूथ स्तर पर सक्रियता हो। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से नियमित बैठकों और जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की।रमेश निषाद ने अपने वक्तव्य में कहा कि च्व। समाज की एकता ही समाजवादी पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संगठन को और मजबूत करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।बैठक के दौरान एक सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाजवादी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता शराफत खान को उनके संगठनात्मक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नरेंद्र कुमार प्रजापति द्वारा उन्हें मेमोंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मौजूद सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शराफत खान को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।सम्मान प्राप्त करने के बाद शराफत खान ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे संगठन का सम्मान है और वे आगे भी पार्टी की नीतियों और च्व। की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

बैठक का समापन संगठन की एकजुटता, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के संकल्प के साथ शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में हुआ। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पार्टी कार्यकर्ता इस बैठक में मौजूद रहे।

# बसपा न होती तो स्वाभिमान क्या होता है हम नही जान पाते- रामबृज

प्रयागराज।(सवाददाता ) जिस समाज की गैर राजनैतिक जड़े मजबूत नहीं होती उस समाज की राजनीति कभी भी कामयाब नहीं होती। बहुजन समाज भारत देश की हुक्मरान और शासक कौम रही है। जिस समाज की सत्ता होती है उस समाज की राजनीति कभी भी कामयाब नहीं होती। उक्त बाते करछना स्थित ग्रामसभा इसौटा लोहनपुर में संविधान के सम्मान से डा. अम्बेडकर वेलफेयर नेटवर्क (डान) द्वारा निकाली जा रही संविधान पदयात्रा के दौरान डान संस्थापक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने कही।डान संस्थापक आईपी रामबृज ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बसपा राजनैतिक पार्टी के साथ एक मिशन है जो सामाजिक परिवर्तन के साथ व्यवस्था परिवर्तन की बात करती है। बहुजन महापुरुषों द्वारा किये गए संघर्षो से पता चलता है कि उन्होंने जो कुछ किया हमारी और आपकी भलाई के लिये काम किया। महापुरुषों के द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों को अपने जीवन शैली में उतार कर समाज को जागरूक करने की जरूरत है। महापुरुषों के त्याग, तपस्या और कुर्बानी को ब्यर्थ नहीं जाने देना है।संविधान पदयात्रा में दिलीप कुमार, मंगला प्रसाद, बलराम गौतम, संत लाल, संगमलाल, राज करन, असर्फी लाल, कैशलेश, अंगूरा देवी, जीयु रानी, पान कली, विरेला, सिंधोरा देवी, कमला देवी, सावित्री देवी, शान्ति देवी, रंजना देवी, सुधा देवी, ननका देवी, विमला देवी, ऊषा, रत्ना देवी, राजपति, शकुंतला के साथ सैकड़ें लोग उपस्थित रहे।

# रामलला पार्क में जन्म से ताड़का वध तक दिखेगा श्रीराम का जीवन चरित्र

**-14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर 5 एकड़ में आकार लेगा नया धार्मिक पर्यटन केंद्र**

**-17.22 करोड़ की लागत से नगर विकास विभाग करा रहा रामलला पार्क का निर्माण**



अयोध्या। रामनगरी अयोध्या की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक अनोखा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से प्रेरित रामलला पार्क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह पार्क भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को जीवंत रूप से प्रदर्शित करेगा। अमृत 2.0 योजना के तहत 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर साकेत सदन के पीछे स्थित लगभग 5 एकड़ भूमि पर फैले इस पार्क का निर्माण नगर विकास विभाग द्वारा कराया जा रहा है। कुल 17.22 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस पार्क से अयोध्या को एक नया आकर्षण मिलेगा, जो धार्मिक पर्यटकों के लिए विशेष महत्व रखेगा।

रामलला पार्क न केवल एक मनोरंजन स्थल होगा, बल्कि यह श्रीराम की जीवन गाथा को चार जोनों में विभाजित कर दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेगा। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के परियोजना प्रबंधक देवव्रत पवार के अनुसार, पार्क में प्रवेश द्वार से लेकर पार्किंग तक सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें वाच टावर, टिकट काउंटर, स्क्रीन वॉल और शौचालय जैसी व्यवस्थाएं भी शामिल हैं। पार्क को चार मुख्य जोनों में बांटा गया है। जोन प्रथम में भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य, जोन द्वितीय में उनकी बाल अवस्था के दृश्य, जोन तृतीय में गुरुकुल जीवन और जोन चतुर्थ में ताड़का वध की कथा को मूर्त रूप दिया जाएगा। इन दृश्यों को स्टैच्यू और अन्य कलात्मक तरीकों से सजाया जाएगा, जो आगंतुकों को रामायण की इन महत्वपूर्ण घटनाओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराएंगे। पार्क की अन्य सुविधाओं की बात करें तो यहां ओपन एयर थियेटर, म्यूजिकल फाउंटेन, भव्य स्टैच्यू, बच्चों के लिए प्ले एरिया और ओपन जिम की व्यवस्था होगी। इसके अलावा रोड, वाटर बॉडी और हरित क्षेत्र भी विकसित किए जाएंगे। ये सभी विशेषताएं पार्क को परिवारों, बच्चों और युवाओं के लिए आकर्षक बनाएंगी। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य चल रहा हैं।रामलला के भव्य मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। रोजाना करीब एक लाख दर्शनार्थी रामलला के दर्शन कर रहे हैं। ऐसे में रामलला पार्क जैसे नए केंद्र अयोध्या को विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राम मंदिर निर्माण के साथ–साथ शहर में नए पार्क, संग्रहालय और अन्य परियोजनाएं चल रही हैं। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि रामलला पार्क भी इसी क्रम की एक कड़ी है, जो राम भक्तों को श्रीराम के जीवन से जुड़ी यादें ताजा कराएगा। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द ही यह पार्क पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। यह पार्क न केवल धार्मिक भावनाओं को मजबूत करेगा, बल्कि अयोध्या की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा।रामनगरी अब विश्व पटल पर एक आदर्श तीर्थ स्थल के रूप में उभर रही है।

# जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के पदाधिकारियों की हुई बैठक

अयोध्या। सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के पदाधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जेडी सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जेडी सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 की अंतिम मासिक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें शहर से लेकर गांव तक पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। इस बैठक के माध्यम से जो पदाधिकारी पार्टी में पूरी निष्ठा से सेवा कर रहे थे उनका प्रमोशन किया गया और पुराने पदाधिकारियों की जो जगह रिक्त हुई थी उनपर नए पदाधिकारियों को चयनित किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी 2027 के चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई तथा पार्टी के विस्तार को लेकर भी कार्यकर्ताओं से बातचीत की गई। पार्टी में जिन पदाधिकारियों का प्रमोशन किया गया उनमें मुख्य रूप से जिला सचिव बृजेंद्र सिंह व अजय प्रताप सिंह को जिला उपाध्यक्ष, रवि राज निषाद को सोहावल का ब्लॉक अध्यक्ष रवि दुबे महानगर सचिव महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष सोनिया यादव को बनाया गया है इसके साथ ही साथ अजय प्रताप सिंह जो पहले महानगर में थे उनका प्रमोशन करते हुए जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। 2027 के चुनाव को लेकर जेडी सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कुँवर रघुराज प्रताप सिंह और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का जो फैसला होगा इस आधार पर अयोध्या इकाई कार्य करेगी। हमारे आज जो भी नए पदाधिकारी बनाए गए हैं उनको पार्टी के विस्तार और पार्टी को कैसे आगे ले जाना है इन सभी चीजों के बारे में भी बताया गया। इस बैठक में युवा अध्यक्ष उमंग श्रीवास्तव महानगर अध्यक्ष हर्ष निषाद अधिवक्ता प्रकोष्ठ शाश्वत त्रिपाठी जी व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभिषेक मारवा छात्र प्रकोष्ठ अध्यक्ष सैफ कुरेशी ब्लॉकध्यक्ष तारुन जितेंद्र सिंह अभय सिंह रविकांत दुबे विक्रम चौहान उमेश गौतम परमजीत यादव आकाश सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

# नितिन नबीन कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां

अयोध्यां। नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पंकज चौधरी को नया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर अयोध्या में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया गया। रोडवेज बस स्टेशन परिसर में पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल एवं जिला पंचायत सदस्य इंद्रभान सिंह के नेतृत्व में पार्टीजनों के साथ–साथ आम राहगीरों को भी मिठाइयां बांटी गईं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और संगठन के समर्थन में नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं की नियुक्ति को संगठन को नई दिशा देने वाला और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरने वाला निर्णय बताया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना भाजपा संगठन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन एक ऊर्जावान और संगठन के प्रति समर्पित नेता हैं, जिनके नेतृत्व में पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक



मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। साथ ही पंकज चौधरी का प्रदेश अध्यक्ष बनना उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं के लिए गौरव की बात है, जिससे संगठनात्मक कार्यों को नई गति मिलेगी। जिला पंचायत सदस्य इंद्रभान सिंह ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिया गया यह निर्णय दूरदर्शिता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन और पंकज चौधरी दोनों ही अनुभवी और जनसमर्पित नेता हैं, जिनके नेतृत्व में भाजपा जनसेवा, विकास और सुशासन के संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह नियुक्ति पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन जैसे युवा और कर्मठ नेता के राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व संभालने से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है, वहीं पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से उत्तर प्रदेश में संगठन और अधिक मजबूती के साथ जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएगा कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में भाजपा आने वाले समय में और अधिक सशक्त होकर उभरेगी। मौके पर मनोज वर्मा, जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान सिंह, लवलेश दुबे, प्रभात सिंह, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह, मुकेश मौर्य, कमलेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट से ऐतिहासिक साक्ष्य व दस्तावेज लौटाने की मांग करेगा राम मंदिर ट्रस्ट

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट सुप्रीम कोर्ट से राम मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक साक्ष्य और दस्तावेज वापस लेने की औपचारिक पहल करने जा रहा है। इन्हीं ऐतिहासिक प्रमाणों के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने राम मंदिर के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) की खुदाई में प्राप्त सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के संरक्षण में सुरक्षित हैं। राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा शीघ्र ही न्यायालय को औपचारिक पत्र लिखकर इन दस्तावेजों और पुरातात्विक अवशेषों को सौंपने का अनुरोध किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने स्पष्ट किया कि अब फैसले को चुनौती देने वाला कोई पक्ष शेष नहीं है, ऐसे में ऐतिहासिक साक्ष्यों को राम मंदिर परिसर में संरक्षित किया जाना उचित होगा। बताया कि ट्रस्ट की योजना के अनुसार, सभी ऐतिहासिक प्रमाणों को मंदिर परिसर में बन रहे भव्य संग्रहालय में सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाएगा। यह संग्रहालय श्रद्धालुओं और शोधकर्ताओं के लिए आस्था के साथ–साथ ज्ञान का प्रमुख केंद्र बनेगा। संग्रहालय में रामायण काल से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर आधारित विशेष गैलरियां विकसित की जा रही हैं, जो आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत की जाएंगी। गैलरी निर्माण और उनके शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रस्तुतीकरण के लिए आईआईटी चेन्नई के साथ एमओयू किया जा रहा है। इन गैलरियों में हनुमान जी की मूर्ति को भी अत्याधुनिक तकनीक के जरिए जीवंत स्वरूप में प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को एक अद्वितीय अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि मार्च 2026 तक सभी गैलरियों के पूर्ण होने की संभावना है। इसके साथ ही देश–विदेश में उपलब्ध प्राचीन रामायण ग्रंथों का संग्रह भी मंदिर परिसर में किया जाएगा। विशेष रूप से बाल्मीकि रामायण की एक प्राचीन प्रति को गर्भगृह में स्थापित करने के लिए वाराणसी संस्कृत विश्वविद्यालय से संपर्क किया जा रहा है। राम मंदिर परिसर का यह संग्रहालय न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र होगा, बल्कि भारतीय इतिहास, संस्कृति और सभ्यता का जीवंत दस्तावेज भी बनेगा।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के बेटे पर हमला, सिर फोड़ा

प्रयागराज(सवाददाता )। धूमनगंज थाना क्षेत्र में कौशांबी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के बेटे पर जानलेवा हमला हुआ। पांच–छह लोगों ने उन्हें पहले लोहे की रॉड से पीटा। पत्थर मारे और फिर बंदूक की बट से सिर पर वार किया। इसके बाद सरकारी गनर से भी पिटवाया। पिटाई से बेटा घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित कुशवाहा कौशांबी के बसपा के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुशवाहा के बेटे हैं। प्रीतम नगर के रहने वाले अमित कुशवाहा अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी में धूमनगंज थाना क्षेत्र के प्रीतम नगर स्थित गेस्ट हाउस साईं वाटिका गए थे।

अमित ने बताया कि पार्टी के दौरान कुछ लोगों ने उसके साथ गाली–गलौज शुरू कर दी। जब उसने इसका विरोध किया तो हमलावरों ने एकजुट होकर उस पर हमला बोल दिया। लोहे की रॉड और पत्थरों से मारा। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। हमलावरों ने अपने घर पर तैनात सरकारी गनरों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद सरकारी गनरों ने भी बंदूक के कुंदे से मारा। एक आरोपी ने निजी बंदूक से भी सिर और हाथों पर हमला किया। अमित ने बताया कि मैंने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। वहां से मैं सीधे धूमनगंज थाने पहुंचा और अपने परिजनों को सूचना दी।अमित के भाई के अनुसार जिन लोगों ने मेरे भाई को पीटा है, उसमें तीन लोग उमेश पाल के परिवार से हैं। उन्होंने ही अपने घर पर तैनात सरकारी गनरों को बुलाकर मेरे भाई को पिटवाया। थाने में तहरीर दे दी है। अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। डीसीपी मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क पार कर रहे मजदूर को वाहन ने रौंदा, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो / फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्ला ढाबा के सामने एनएच–2 में शनिवार की देर रात सड़क पार कर रहे 35 वर्षीय मजदूर को अज्ञात वाहन रौंदता हुआ निकल गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुगौली गांव निवासी सूरजभान सिंह का पुत्र दलजीत सिंह कानपुर में मजदूरी करता था। बताते हैं कि रात लगभग बारह बजे वह वाहन से शुक्ला ढाबा के सामने उतरा और सड़क पार करने लगा। तभी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के बड़े भाई राजू सिंह ने दी है।

# पाकिस्तान ने अपने देश की क्षेत्रीय अस्मिताओं को दबाया



प्रयागराज(सवाददाता )। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच प्रयागराज चौप्टर के बैनर तले हिन्दुस्तानी अकादमी सभागार में श्नो मोर पाकिस्तानश विषयक विचार गोष्ठी सम्पन्न हुई। अध्यक्षीय उद्बोधन में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि आज वह समय है जब सुरक्षा, मानवता, मानव कल्याण, संस्कृति तथा अस्मिता की आजादी के लिए मदद में सभी को खड़े होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रयागराज चन्द्रशेखर आजाद जैसे शहीदों की धरती है जिनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। राष्ट्र–निर्माण के कार्यों में बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिए। यह वैचारिक श्रृंखला निश्चित रूप से रंग लाएगी और हम सब कामयाब होंगे।मुख्य अतिथि गोलोक बिहारी राय ने कहा कि यह राष्ट्रव्यापी विचार–श्रृंखला पाकिस्तान की उपनिवेशवादी नीति, कट्टरपंथ, आतंकवाद, मानवाधिकार उल्लंघन और क्षेत्रीय व वैश्विक स्थिरता पर बढ़ रहे दुष्प्रभाव को विश्व पटल पर उजागर करने तथा उपेक्षित अस्मिताओं को नैतिक बल प्रदान करने का प्रयास है। मुख्य वक्ता विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सिविलाइजेशन, सभ्यता, संस्कृति, अस्मिता, मानव–मूल्य आदि के लिए आवाज उठाना कोई गुनाह नहीं है। पाकिस्तान द्वारा अपने देश की अनेक क्षेत्रीय अस्मिताओं व उनकी स्वतंत्रता को दबाया जा रहा है। हमारा अभियान वैश्विक संस्थाओं के सामने पाकिस्तान की दोहरी नीतियों को उजागर करना है।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश कुमार तिवारी और विंध्यवासिनी त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संयोजन आशुतोष मिश्रा तथा डॉ. संजय कुमार भारती ने किया।

## साइकिल से निकले युवक की अचानक गिरकर मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार की शाम साइकिल से निकले 20 वर्षीय युवक की अचानक गिरकर मौत हो गई। भाई ने साथ में गए युवक पर हत्या करने का शक जाहिर किया है।

जानकारी के अनुसार बहुआ कस्बा निवासी नूर मोहम्मद का पुत्र इकराम हुसैन शनिवार की शाम छह बजे साइकिल से बाहर निकला था। तभी अचानक साइकिल से गिरकर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए कस्बे में ही भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के बड़े भाई शमशुल ने बताया कि गांव का ही सैफ पुत्र बराती उसे अपने साथ ले गया था। घायलावस्था में उसे तीन जगह ले जाने के बाद उसे फोन किया। जिस पर वह भाई को लेकर कस्बे के ही नर्सिंग होम ले गया। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर होने पर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। भाई ने सैफ व उसके अन्य साथियों पर हत्या करने का शक जाहिर करते हुए बताया कि नूर मोहम्मद व बराती के बीच कई सालों से जमीनी विवाद चला आ रहा है।

## ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम दतौली भोले बाबा मंदिर के समीप शनिवार की देर रात अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट जाने से 24 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाने के सिधांव गांव निवासी रामगोपाल का पुत्र रामपाल उत्तम ईंट भट्ठे से ट्रैक्टर में ईंट लादकर बांदा जा रहा था। बताते हैं कि रात में कोहरे के बीच अचानक नीलगाय आ जाने पर बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया। जिससे रामपाल की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में घटना के बाबत जानकारी मृतक के भाई राजू रैदास ने दी है।

## संदिग्ध हालत में महिला ने फांसी लगा की आत्महत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर में शनिवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के भाई ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पिता व पति को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी बिहारी ने अपनी पुत्री शिवराधा की शादी 26 अप्रैल 2024 में लालपुर गांव निवासी महेश के पुत्र बबलू के साथ की थी। बताते हैं कि शनिवार की शाम संदिग्ध अवस्था में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के भाई प्रदीप ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज में दो लाख रूपए की मांग को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित करते थे। दो दिन पूर्व वह अपनी बहन को ससुराल छोड़कर आया था और दूसरे ही दिन ससुरालीजनों ने उसकी बहन की हत्या करके शव को फांसी पर लटका दिया। मृतका के परिजनों ने सास सोनिया देवी, ननंद प्रीती, पति व ससुर के खिलाफ थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने पति व ससुर को हिरासत में ले लिया।

## खड़े ट्रेलर में घुसा ट्रक, चालक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे–2 पर कस्बे के समीप नींद के झोंके में रोड़ किनारे खड़े ट्रेलर में ट्रक घुसा गया। जिससे ट्रक चालक घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार बिहार प्रांत के खगड़िया जनपद के गोगरी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी आनंदीलाल का 50 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार ट्रक चालक है। आज सुबह भोर पहर कानपुर से कोलकाता जाते समय जब वह खागा कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 पर कस्बे के समीप पहुंचा। तभी उसको नींद का झोंका आ गया और उसका ट्रक रोड किनारे खड़े ट्रेलर से जा कर टकरा गया। जिससे ट्रक चालक संजीव कुमार घायल हो गया। हादसे की जानकारी स्थानीय पुलिस को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए हरदो स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत में जेब काटने वाला गिरतार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बीते बारह दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव के स्वागत समारोह के दौरान सौरा स्वागत स्थल पर कुछ लोगों की जेबकतरे ने जेब काटकर पैसे निकाल लिए थे। तहरीर पर मलवां पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया था और अभियुक्त की तलाष में जुट गई। रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जेबकतरे को हिरासत में ले लिया। जिसके पास से तमंचा–कारतूस के अलावा चोरी के 3800 रूपए बरामद किए हैं। बताते चलें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन मुहल्ला निवासी अंकित मिश्र पुत्र संकठा ने तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों ने बारह दिसंबर को भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव के स्वागत समारोह के दौरान सौरा स्थित स्वागत स्थल पर भीड़–भाड़ में कुछ लोगों की जेब काटकर पर्स, धन एवं कुछ जरूरी कागजात चोरी कर लिए हैं। सूचना पर मु0अ0सं0 321/2025 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। जिसमें पुलिस अभियुक्त की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर कैंची मोड़ से सौ मीटर आगे बिन्दकी की ओर जाने वाले रास्ते पर अभियुक्त अमित कुमार पुत्र बृजकिशोर सिंह निवासी ग्राम कौरारा रोड बाईपास सिरसागंज थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को गिरतार कर लिया। उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक स्विट कार एवं चोरी के 3800 रूपए बरामद किए हैं। गिरतारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी करते हुये गिरतार अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बृजेश कुमार यादव, रितेश कुमार मौर्या, कांस्टेबल अभिषेक दुबे व रवि कुमार शामिल रहे।

## सचिवों का आज डोंगल समर्पण कर भुगतान व्यवस्था ठप करने का ऐलान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के ग्राम सचिवों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर एक दिसंबर से चल रहा क्रमिक एवं शांतिपूर्ण संसाधन हेतु सत्याग्रह अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के आह्वान पर चतुर्थ चरण में सोमवार को पूर्वाह्न ग्यारह बजे सभी ग्राम सचिव अपने संबंधित विकास खंडों में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के कार्यालय में सरकारी डोंगल/डीएससी सामूहिक रूप से जमा करेंगे तथा उसकी प्राप्ति रसीद लेना सुनिश्चित करेंगे।

संघ का कहना है कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए डोंगल में व्यक्तिगत ईमेल आईडी और सिम कार्ड लगे होने के कारण भुगतान के समय ओटीपी ग्राम सचिवों को स्वयं प्राप्त होता है। ऐसे में कार्य सरकारी, व्यवस्था व्यक्तिगत की स्थिति बन रही है, जो अनुचित है। इसी के विरोध में उचित संसाधन एवं सुविधाओं की मांग को लेकर यह सत्याग्रह चरणबद्ध रूप से चलाया जा रहा है। संघ ने स्पष्ट किया है कि डोंगल समर्पण के बावजूद ग्राम सचिव अपने सभी विभागीय दायित्वों का निर्वहन पूर्व की भांति करते रहेंगे। वहीं, जिन विकास खंडों में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा डोंगल लेने से इनकार किया जाता है या प्राप्ति रसीद नहीं दी जाती, वहां किसी प्रकार का तनाव या दबाव न बनाने की अपील की गई है। ऐसे मामलों में पंद्रह दिसंबर को डोंगल के माध्यम से किसी भी प्रकार का भुगतान न करने का निर्णय लिया गया है। इधर, पंद्रह दिसंबर को पंचायती राज निदेशालय में वार्ता प्रस्तावित है। इसके बाद सायं अथवा रात्रि में ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ जूम मीटिंग के जरिए समीक्षा बैठक होगी।

## पंचायत चुनाव को लेकर पाल सामुदायिक उत्थान समिति ने की बैठक

### - रामप्रताप पाल बनाए गए पंचायत चुनाव प्रभारी



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सूचना के अनुसार उत्थान समिति की बैठक पाल भवन आबूनगर अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें श्री पाल ने चुनाव की वोटर लिस्ट बनाने का काम जिसमें सभी लोग अपने अपने गांव क्षेत्र में काम करें। 18 साल से ऊपर का कोई भी जैसे ही पंचायत चुनाव का आरक्षण जारी आधार पर समिति प्रत्याशियों का चयन करते हुए जीत दिलाने का प्रयास करेगी। पंचायती चुनावों को लेकर पाल सामुदायिक में समिति के अध्यक्ष डा. अमित पाल की बताया कि पंचायत चुनाव एवं विधानसभा चुनाव आयोग द्वारा चलाया जा रहा है बीएलओ के माध्यम से नाम जुड़वाने का नागरिक छूटने न पाए। चुनाव आयोग करते हुए चुनाव की घोषणा करेगा उसके करते हुए उनका क्षेत्र में प्रचार प्रसार सदर तहसील अध्यक्ष श्रीकांत पाल ने कहा कि चुनाव लड़ने वाले जो लोग समिति से सहयोग मांगेगे समिति उन्हीं नामों पर विचार करेगी। समित की उपाध्यक्ष रमा पाल ने कहा कि जो लोग समिति के कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। बढ़–चढ़कर साथ सहयोग करते हैं वो यदि चुनाव लड़ते हैं तो समिति भी उनका खुलकर सहयोग करेगी। समिति के मीडिया प्रभारी रामचंद्र पाल एवं सदस्य दिलीप पाल ने कहा कि समिति का समर्थन चाहने वालों को लिखित आवेदन करना चाहिए और एक निर्धारित शुल्क भी जमा कराया जाए। उपस्थित अन्य लोगों ने भी अपने अपने विचार रखे। सभी की बातों को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चुनाव की घोषणा होते ही समित की तरफ से एक आवेदन फार्म जारी किया जाएगा जिस पर समर्थन चाहने वालों को आवेदन करना होगा। आए हुए आवेदनों पर निर्धारित समय में कमेटी पैनल निर्णय लेकर समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। अंत में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया सकुशल संपन्न कराने, आवेदन लेने, देखरेख करने एवं पारदर्शिता के साथ निर्णय लेने हेतु समित के सीनियर सदस्य एवं 17 सितंबर के मेधावी छात्र सम्मान समारोह की अध्यक्षता करने वाले आचार्य रामप्रताप पाल को जिला प्रभारी बनाया गया। जिसका सभी उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से रमा पाल, रामप्रताप पाल, प्रमोद कुमार पाल, डा योगेंद्र पाल, रामचंद्र पाल, श्रीकांत पाल, दिनेश पाल, डा रोहित पाल, कमल पाल, दिलीप पाल उपस्थित रहे।

## जर्जर सड़क ने रोका गांव का विकास

### - सेमरहटा आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। तेलियानी विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत हाजीपुर गंग के सेमरहटा की हालत आज भी बदहाल बनी हुई है। सेमरहटा के पुरवा मंदिर चौराहे से लेकर नहर पुल होते हुए झलहा गांव तक जाने वाली सड़क बीते दो दशकों से अधिक समय से जर्जर अवस्था में पड़ी है। यह सड़क लगभग 20–21 वर्ष पूर्व तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख रामसजीवन कोरी के कार्यकाल में खड़ंजा के रूप में बनवाई गई थी। करीब तीन पंचवर्षीय पहले तत्कालीन ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद उर्फ पुतीलाल के कार्यकाल में खड़ंजे पर कुछ उलटफेर तो किया गया, लेकिन इसके बाद से आज तक सड़क की स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हो सका। नतीजतन यह मार्ग आज भी ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। ग्रामीणों की समस्या को लेकर बीते अप्रैल माह में पत्रकार सोहनलाल के नेतृत्व में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने विधायक कुमार जैकी को शिकायती पत्र सौंपकर सड़क की दयनीय स्थिति से अवगत कराया था। विधायक ने मामले का संज्ञान लेते हुए विभागीय जेई अमर सिंह को डाक बंगले में बुलाकर सड़क का प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिए थे। जेई अमर सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि सड़क का प्रस्ताव भेज दिया गया है और अप्रैल माह तक आगे की कार्रवाई की जाएगी, धरातल पर कोई कार्य न दिखने से ग्रामीणों में खलबली मची है की आखिर क्या यह बात भी अंधर में रह जाएगी। कहावत है कि जब अंधे को आँख मिलती है, तब ही रास्ता दिखता है, लेकिन सेमरहटा क्षेत्र के लोग आज भी इसी इंतजार में हैं। हालांकि पिछले दशक के बाद कई सड़कों पर सुधार तो हुआ पर कुछ आज भी अंधेरे में हैं वहीं देखा जाय हाजीपुर गंग ग्राम सभा के अंतर्गत आने वाले सेमरहटा, सेमरहटा का पुरवा, झलहा, हाजीपुर गंग गड़रियन पुरवा सहित कई गांव आज भी अत्यंत पिछड़े हुए हैं। जर्जर सड़क संपर्क मार्गों के कारण इन गांवों का विकास अवरुद्ध है। स्थिति यह है कि बच्चों को स्कूल जाने के लिए सुरक्षित और सुगम मार्ग तक उपलब्ध नहीं है। युवाओं के लिए न तो खेलकूद मैदान है, न जिम या व्यायामशाला, जिससे वे सेना या पुलिस भर्ती जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। गांव में बहन–बेटियों की शादी के लिए बारात शाला तक नहीं है। आंगनबाड़ी केंद्र की हालत भी दयनीय है। सेमरहटा गांव में करीब 26 वर्ष पूर्व बना एकमात्र आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिससे आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के लिए इधर–उधर कैंप लगाकर काम चलाना पड़ता है। ग्रामीणों में ननकू, बाबूलाल, कंधई, बच्चू, श्रीराम आदि लोगों का कहना है कि जर्जर सड़क ही सबसे बड़ा कारण है, जिसके चलते विकास कार्यों और अधिकारियों का गांव में आवागमन नहीं हो पाता। यही वजह है कि आज भी सेमरहटा क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से कटा हुआ है और यहां के बच्चों का भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण कराकर क्षेत्र के विकास का मार्ग खोलने की मांग की है।

## निशान वेलफेयर समिति ने अलीपुर में लगाया किशोरी मेला

### - लिंग समानता, माहवारी प्रबंधन व जल संरक्षण विषयों पर दी रचनात्मक प्रस्तुति



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ग्राम पंचायत सराय खरगू की ग्राम सभा अलीपुर में रविवार को निशान वेलफेयर समिति के माध्यम से किशोरी मेले का आयोजन किया गया। यह मेला किशोरियों के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। मेले में किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चार्ट्स के माध्यम से लिंग समानता, माहवारी प्रबंधन, जल संरक्षण व पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने इन विषयों के उद्देश्यों को स्पष्ट रूप से समझाया, जिससे उपस्थित सभी लोगों को गहन जानकारी मिली। इसके अलावा, किशोरियों ने रंगोली बनाकर रंगों के महत्व को दर्शाया और मेले में महिला सशक्तिकरण तथा लिंग भेदभाव जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान फरीद कुरैशी, आशा कार्यकर्ता सुनीता, संस्था प्रबंधक रुबीना, पीसी तूबा, कम्युनिटी मोबिलाइजर अल्तशा परवीन, सलाउद्दीन, राबिया, पंचायत सदस्य गंगा, एसएमसी सदस्य तुलसी व अन्य समुदाय के लोग और किशोरियां सक्रिय रूप से शामिल हुए। निशान वेलफेयर समिति ने घोषणा किया कि आगे छह अन्य ग्राम पंचायतों तथा दो स्लम एरिया में भी किशोरी मेले का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक किशोरियां लाभान्वित हों। इस मेले का मुख्य उद्देश्य हमारी किशोरियों और महिलाओं को आगे बढ़ने तथा सशक्त बनने के लिए प्रेरित करना है। छोटी–छोटी गतिविधियों के माध्यम से उनमें आत्मनिर्भरता की भावना जगाना और समाज में समानता स्थापित करना यही इसका लक्ष्य रहा। कार्यक्रम ने सभी प्रतिभागियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया।

## सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव का हुआ स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव एवं मंडल प्रभारी एसआईआर पीडीए प्रहरी अवधेश कुमार उर्फ पंचू यादव का सपाईयों ने जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होने पार्टी कार्यालय में एसआईआर कार्यक्रम की बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



जनपद सीमा छिवली नदी से लेकर कार्यालय तक पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष उदय राज लोधी एडवोकेट के नेतृत्व में प्रदेश सचिव अवधेश कुमार उर्फ पंचू यादव का सपाईयों ने भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात वे पार्टी कार्यालय पहुंचे और पार्टीजनों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कमेटी की समीक्षा के साथ–साथ एसआईआर कार्यक्रम की भी बिंदुवार जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उदय राज लोधी व संचालन महासचिव अश्विनी यादव एडवोकेट ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव ने व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भीम यादव ने शिरकत की। प्रभारी ने पार्टी की गाइडलाइन से सभी को अवगत कराया। इस मौके पर जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार, बाबा प्रेमनाथ विश्वकर्मा, केपी यादव, महेंद्र यादव, शमीम अहमद, राजबाबू यादव, सुहैल खान हेमू संदीप श्रीमाली एडवोकेट, रिशु तिवारी, सुमित साहू प्रदीप सोनकर, जुनैद अहमद, सूफियान भी मौजूद रहे।

## बीस वर्षो से दौलतपुर-आलमपुर नरही मार्ग बदहाल

### - चौदह गांवों के हजारों ग्रामीण परेशान



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के दौलतपुर से आलमपुर नरही तक का लगभग तीन किलोमीटर लंबा महत्वपूर्ण मार्ग पिछले 20–25 वर्षों से बदहाली का दंश झेल रहा है। यह मार्ग क्षेत्र के करीब चौदह गांवों के लोगों के लिए मुख्य आवागमन का रास्ता है, जिससे होकर रोजाना हजारों ग्रामीणों का आना–जाना होता है। सड़क की अत्यंत दयनीय हालत के कारण क्षेत्रवासियों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि सड़क पर जगह–जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जो अब तालाब का रूप ले चुके हैं। बरसात के समय इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का केंद्र बन गई है। आए दिन लोग, विशेषकर दुपहिया वाहन चालक, गिरकर घायल हो रहे हैं। इस बदहाल रास्ते से स्कूल जाने वाले बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज़्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। बच्चों को स्कूल पहुंचने में कठिनाई होती है, वहीं प्रसव पीड़ा के दौरान महिलाओं को अस्पताल ले जाने में भी गंभीर जोखिम उठाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि चौदह गांवों को जोड़ने वाले इस मार्ग की उपेक्षा समझ से परे है। हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र की इतनी गंभीर समस्या होने के बावजूद जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि पूरी तरह मौन हैं। ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय प्रशासन से लेकर जन प्रतिनिधियों तक अपनी समस्या पहुंचाई है, लेकिन सड़क निर्माण या मरम्मत की दिशा में कोई भी ठोस पहल नहीं की गई है। शिकायतों के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि इस अति–आवश्यक मार्ग, जो लगभग 14 गांवों की जीवनरेखा है उसका निर्माण कार्य शीघ्र से शीघ्र शुरू कराया जाए। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेगा और वर्षों से बदहाल इस सड़क को दुरुस्त कराकर उन्हें राहत प्रदान करेगा। मार्ग का तत्काल निर्माण न होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

## डोली यात्रा में झलका प्रभु जगन्नाथ की भक्ति का रंग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिन्दकी, फतेहपुर। नगर के बैलाही बाजार से रविवार को श्री गोपाल जी मंडल परिवार, श्री ओमर वैश्य क्षेत्रीय समिति, श्री ओमर वैश्य महिला मंडल और श्री ओमर वैश्य युवजन संघ द्वारा डोली यात्रा निकाली गई। डोली यात्रा हनुमान मंदिर बैलाही बाजार से होते हुए गांधी चौराहा, बजाजा गली, किराना गली, घियाई गली से फाटक बाजार होते हुए खजुहा चौराहा, ललौली चौराहा से राम वाटिका गेस्ट हाउस स्टेट बैंक के बगल में विश्राम किया। यात्रा में भक्त भगवान की डोली को उठाए रहे। यह यात्रा आस्था, भक्ति और आध्यात्म का प्रतीक मानी गई। पूरी यात्रा में शामिल युवा ढोल बाजे में थिरकते नजर आए।

जगन्नाथ प्रभु की पालकी यात्रा नगर में एक भव्य और दिव्य उत्सव के रूप में निकाली गई। यात्रा में डोली में सवार भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाएं सुसज्जित पालकी में विराजमान रही। भक्तों ने जगह जगह पूजा अर्चना किया। यात्रा में भजनों एवं झाकियों का सुंदर प्रदर्शन भी किया गया। डोली यात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु ने नगर में भ्रमण किया। सुरक्षा की .ष्टि से पुलिस बल जगह जगह तैनात रहा तो स्टाल लगा जलपान भी कराया गया। यात्रा में अध्यक्ष संजय ओमर, महामंत्री लक्ष्मीचंद्र मोना ओमर, महेश ओमर, प्रशांत ओमर, जितेंद्र ओमर, काके, अनिल ओमर, अजय ओमर, योगेंद्र ओमर, राजेश ओमर, अनूप ओमर, संदीप ओमर, आलोक गौड़, अनुपम ओमर, अश्वनी गुप्ता, ऋतिक ओमर, राघव ओमर, अनमोल ओमर, तनय ओमर, घनश्याम शुक्ला, अरुण द्विवेदी, सौरभ तिवारी, अंशुल गुप्ता, ललित, राहुल, राजेश सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## अति जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सर्दी के प्रकोप से किसी को कोई परेशानी न हो इस भाव से पूर्व वर्षों की भांति रविवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने चिन्हित अति जरूरतमंद बुजुर्गों, दिव्यांगजनों व संतों को कंबल वितरण किया गया। डॉ अनुराग ने अजगवां में सात, बेरुइहार में पांच, खलीफापुर में पांच, चौधकियापुर में पांच, देवीगंज पुल के नीचे एक, कलक्टरगंज में दो कुल 25 कम्बल वितरित किए गए। डॉ अनुराग ने बताया कि अभी अन्य वार्डों में भी चिन्हित कर कम्बल प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रमुख सहयोगी संजय कुमार श्रीवास्तव सलाहकार, चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उपस्थित रहे।

## सभी वार्डो में गठित होगी व्यापार मंडल की कमेटी



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उद्योग व्यापार मण्डल की वार्ड इकाई की बैठक मोहल्ला पनी के एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में आहूत की गई। बैठक में संगठन को विस्तारित करने के .ष्टिकोण से तय किया गया कि नगर के समस्त वार्डों में कमेटी का गठन किया जाएगा। साथ ही समस्त क्रमशः वार्डों में बैठक करके वहां की समस्त समस्याओं को एकत्र करके संबंधित अधिकारियों से निवारण कराया जाएगा। संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा कि जन सुविधाओं के लिए संगठन की पहल से स्थानीय नागरिकों को समस्त सुविधा आवंटित कराने की पहल करने हेतु संगठन पूर्ण प्रयास करेगा। जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा ने कहा कि सभी वार्डों में इकाई का गठन करते प्रतिनिधियों को वार्ड की जिम्मेदारी दी जाएगी बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार, अनुराग पाण्डेय, मो. सरफराज, परवेज आलम, रिजवान, संजय कुमार, मो. रजी, महेन्द्र कुमार, शोभित वर्मा, महंत सूर्यनाथ, मो. शकील, विश्वास कुमार उपस्थित रहे।

## संगोलीपुर मड़ैयन घाट पर किसानों की फसलें बर्बाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के संगोलीपुर मड़ैयन मोरम घाट पर खनन माफियाओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। अवैध खनन की इस मनमानी ने स्थानीय किसानों की कई बीघा फसलों को बेरहमी से कुचल दिया है। ओवरलोड ट्रैक्टर–ट्रॉलियां और भारी मशीनों का बेखौफ इस्तेमाल हो रहा है, जबकि नियम–कानूनों को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया है।



घाट संचालक दिनदहाड़े ट्रैक्टरों में क्षमता से अधिक मोरम भरकर गांवों की सड़कों से गुजार रहे हैं जिससे सड़कें पूरी तरह चकनाचूर हो चुकी हैं। किसान अपनी फसलों की बर्बादी पर रो रहे हैं लेकिन जिला प्रशासन अब तक कानों में रुई डाले बैठा हुआ है। सबकुछ खुलेआम हो रहा है, मगर कोई कार्रवाई नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध खनन से न केवल फसलें और सड़कें तबाह हो रही हैं बल्कि पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। जिले में यमुना किनारे मोरम खनन के अवैध मामले पहले भी सामने आ चुके हैं लेकिन माफियाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है। किसानों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन कब जागेगा और इन माफियाओं पर नकेल कसेगा?

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )